• जयपुर, बुधवार, 28 अगस्त 24 • वर्ष 14 • अंक 113 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित



**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

• स्वामी विवेकानंद

पेज @3 केंद्र सरकार की विफलताओं को आमजन के बीच...

पेज @4 हेड कांस्टेबल आत्महत्या प्रकरण अत्यंत दुखद, एसआईटी गठित...

पेज @8 » जयपुर विकास प्राधिकरण ने मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन अधिकारी...

# मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का सीकर दौरा

## मुख्यमंत्री ने सांगलिया धूणी पीठ पर लगाई धोक

### प्रदेश में सुख-समृद्धि की कामना

चमकता राजस्थान


**जयपुर, 27 अगस्त।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को सीकर के दांतारामगढ़ में सांगलिया धूणी पीठ पर धोक लगाकर प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। शर्मा ने धूणी के पीठाधीश्वर स्वामी ओमदास जी महाराज सहित उपस्थित संत-महात्माओं से आशीर्वाद लिया। उन्होंने यहां समाधियों को नमन करते हुए संतों का स्मरण भी किया।

उल्लेखनीय है कि सांगलिया धूणी पीठ के संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री बाबा खींवादास जी महाराज की 23वीं पुण्यतिथि पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री आज उनके समाधि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस अवसर विधायक गोरधन वर्मा एवं सुभाष मील सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सपरिवार इस्कॉन मन्दिर में किए दर्शन

### श्री श्री गिरधारी दाऊजी से प्रदेश की खुशहाली की कामना की



चमकता राजस्थान

जयपुर, 27 अगस्त। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जन्माष्टमी पर्व पर सोमवार रात्रि को मानसरोवर इस्कॉन मन्दिर में सपरिवार दर्शन किए और कृष्ण जन्मोत्सव में हिस्सा लिया। उन्होंने मन्दिर में स्थित श्री श्री गिरिधारी दाऊजी सहित श्री श्री राधा मदनमोहन एवं श्री श्री गौर निताई की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

शर्मा ने इस दौरान मन्दिर में हो रहे कीर्तन में हिस्सा लिया एवं वहां उपस्थित श्रद्धालुओं से मिले। इससे पहले मुख्यमंत्री के मन्दिर पहुंचने पर मन्दिर अध्यक्ष पंचरत्न दास ने दुपट्टा व पगड़ी पहनाकर उनका स्वागत किया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से जापानी प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



चमकता राजस्थान

जयपुर। आगामी 9-11 दिसंबर तक आयोजित होने वाले ''राइजिंग राजस्थान'' इन्वेस्टमेंट समिट के संदर्भ में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से जापान से आए विशिष्ट प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल में वाफुकु हॉस्पिटल एवं होम केयर ग्रुप, टोक्यो के चेयरमेन डॉ. नोबुहिको इशिदा, फुमिताका इशिवाता, शिंजी फुनामोरी, केनिची तकाशिमा, कैप्टन रामजी शर्मा और नील कंडिरा शामिल थे। बैठक के दौरान राजस्थान व जापान के बीच संबंधों को मजबूत बनाने तथा विभिन्न प्रकार के निवेशों व मानव संसाधनों के बेहतर उपयोग जैसे अनेक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई । मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

# राजस्थान को पर्यटन में अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प, यहां पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं : उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी



चमकता राजस्थान

**जयपुर, 27 अगस्त।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं हैं। राजस्थान को पर्यटन में अग्रणी राज्य बनाने के हमारे संकल्प को पूर्ण करने में राजस्थान पर्यटन विकास निगम आरटीडीसी) की महत्वपूर्ण भूमिका है। राजस्थान पर्यटन विकास निगम लाभ की स्थिति में आये तथा अन्य राज्य के मुकाबले राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सके इस हेतु कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि इस हेतु अधिकारी कार्य योजना बनाकर काम करें। इसके साथ ही अधिकारी ज्यादा से ज्यादा फिल्ड में रहकर नियमित रूप से और निरंतर बेहतर प्रदर्शन किये जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आरटीडीसी पर्यटन विभाग की जिन बजट घोषणाओं को पूरा करने में एजेंसी के रूप में काम कर रही है उन कामों को गुणवत्तापूर्ण रूप से लक्षित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करे।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति तथा पुरातत्व श्रीमती गायत्री राठौड़, आरटीडीसी प्रबंध निदेशक श्रीमती अनुपमा जोरवाल की उपस्थिति में मंगलवार को पर्यटन भवन में आयोजित राजस्थान राजस्थान पर्यटन विकास निगम की कार्ययोजनाओं की समीक्षा बैठक में उक्त निर्देश दिए।

# प्रदेश में एक सितम्बर से 25 अक्टूबर तक चलाया जाएगा सड़क मेंटीनेंस कैंपेन: दिया कुमारी

## उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने अधिकारियों को कैंपेन के दौरान कार्यों की गुणवत्ता का ध्यान रखने के दिए निर्देश

चमकता राजस्थान

**जयपुर,27 सितंबर।** प्रदेश में बरसात से ख़राब हुई सड़कों को ठीक करने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 1 सितम्बर से 25 अक्टूबर तक रोड मेंटीनेंस कैंपेन चलाया जाएगा।उपमुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग मंत्री दिया कुमारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि कैंपेन के दौरान कार्यों की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए और कामों को निर्धारित अवधि में पूरा करवाया जाए। उन्होंने बताया की कैंपेन के दौरान सड़क मरम्मत कार्यों के साथ दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ब्लैक स्पॉट्स को सुधारने का काम प्राथमिकता से किया जायेगा। उन्होंने कहा है कि सड़क निर्माण और मरम्मत के कार्यों में निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने वालों के ख़िलाफ़ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

कैंपेन के दौरान यह प्रमुख काम होंगे

बारिश के दौरान जहाँ सड़कें टूट गई है, वहाँ यातायात को तुरंत बहाल किया जाएगा।

जिन क्षेत्रों में भारी बारिश /बाढ़ के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई है ,उनको आपदा राहत कोष से ठीक करवाने के प्रस्ताव बनाकर जिला कलेक्टर को भिजवाए जाएंगे।

जेईएन और एईएन द्वारा सड़कों के गड्ढों/पैच का प्रारंभिक स्थिति निरीक्षण किया जाएगा।



पैच मरम्मत के लिए संबंधित अधिकारी अभियन्ता उपखंड या निर्धारित क्षेत्र के लिए 30 अगस्त तक दर अनुबंध करेंगे।पेच मरम्मत का कार्य एक सितंबर से शुरू किया जाएगा जो कि हर हाल में 25 अक्टूबर तक पूरा करना होगा।

काम शुरू करने और पूरा करने के बाद की फोटोग्राफ़ी/ वीडियोग्राफ़ी करनी होगी

ठेकेदारों को काम शुरू करने से पहले और काम पूरा होने के बाद सड़क की डिजिटल फ़ोटो और वीडियोग्राफी करवानी होगी।ठेकेदार द्वारा पैचिंग से पहले पैच की मार्किंग और नंबरिंग करवाना अनिवार्य है।

गारंटी अवधि की सड़कों का रख रखाव न करने वाले ठेकेदारों को एक अगस्त से नोटिस जारी किए जा चुके हैं ,जिनका कार्य एक सितंबर से शुरू कर पाँच अक्टूबर तक पूरा करना है ।इस दौरान मूल ठेकेदार द्वारा नोटिस का उचित जवाब नहीं दिया जाता है तो मूल अनुबंध की दर पर उक्त काम किसी अन्य एजेंसी से करवाया जाएगा गारंटी अवधि की सड़कों की मरम्मत उसी गुणवत्ता और सामग्री से की जानी है,जो निर्माण के दौरान उपयोग में लायी गई है।अधिशासी अभियन्ता कोल्ड्रिंक सामग्री से पेंच मरम्मत की अनुमति दे सकते हैं

गहरे गड्ढों की मरम्मत केवल wbm/wmm द्वारा करनी होगी।

इस कैंपेन के दौरान सड़क सुरक्षा कार्य जैसे किलोमीटर स्टोंस पर पेंटिंग,रोड साइनेज,स्पीड ब्रेकर मार्किंग आदि का कार्य भी किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त विभाग के स्तर पर लेबर के माध्यम से सड़क किनारे पेड़ पौधों की साफ़-सफ़ाई,व्हाइटवाश ,पेड़ों पर पेंटिंग आदि कार्य करवाए जाएंगे।

पैचेस कि गुणवत्ता का निरीक्षण संबंधित अधीक्षण अभियन्ता और अतिरिक्त मुख्य अभियंता द्वारा मौक़ा निरीक्षण के दौरान किया जाएगा।

# राजपूत समाज हमेशा सबको साथ लेकर चलने वाला समाज: दिया कुमारी

## दिया कुमारी हुई 'लोकेंद्र सिंह कालवी समाज रत्न सम्मान समारोह' में शामिल

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी श्री राजपूत करणी सेना के संस्थापक स्व. ठा. सा. श्री लोकेंद्र सिंह कालवी की जयंती पर जयपुर स्थित बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित 'लोकेंद्र सिंह कालवी समाज रत्न सम्मान समारोह' में शामिल हुई। इस अवसर पर समाज की विभिन्न विधाओं से संबंधित लोगों को, उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



बिरला ऑडिटोरियम में आयोजित समाज रत्न सम्मान समारोह में राजपूत समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया. समारोह में दीया कुमारी ने कहा कि राजपूत समाज हमेशा सबको साथ लेकर चलने वाला समाज है. देश में राजपूत समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा है. हमें बेटे-बेटियों में भेदभाव नहीं करना चाहिए. बेटियों को भी बेटों के बराबर समान अवसर देना चाहिए. दीया कुमारी ने कहा कि लोकेंद्र सिंह कालवी की जन्म जयंती के अवसर पर हम सभी लोग एकत्रित हुए हैं. उन्होंने समाज को आगे बढ़ाने के लिए काफी कार्य किए. देश में बहुत बड़ा योगदान हमारे पूर्वजों का रहा है. आज भी हमारा योगदान बहुत महत्वपूर्ण है. पर्यटन के क्षेत्र में सबसे बड़ा योगदान क्षत्रिय समाज का है. इकोनॉमी में समाज का योगदान 12% है. राजपूत समाज हमेशा सबको साथ लेकर चलने वाला समाज है. जब हम अपनी बात रखें, तो ऐसा भी नहीं होना चाहिए कि हम दूसरे समाजों को पीछे छोड़े. सभी समाजों को साथ लेकर चलना चाहिए.

समारोह में जयपुर ग्रामीण से भाजपा सांसद राव राजेंद्र सिंह,पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, हवामहल से भाजपा विधायक बालमुकुंदाचार्य,राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रताप सिंह कालवी, राजपूत सभा के अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई, शिवहर (बिहार) से पूर्व सांसद आनंद मोहन,पूर्व आईएएस हनुमान सिंह,मेजर जनरल आशु सिंह ,हनुमान सिंह भाटी, अभिमन्यु सिंह, राज शेखावत,भानु प्रताप सिंह सहित गणमान्य अतिथि एवं संस्था से जुड़े पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जाटलैंड में श्वेता के जरिये कांग्रेस को विनेश से आस


कुश्ती का कितना दबदबा इस मर्तबा हरियाणा विधानसभा चुनाव में रहेगा? इसको लेकर तो चर्चाएं आम हैं ही, लेकिन एक और कारण है जिसके चलते मौजूदा चुनाव बड़े दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है। जाट लैंड के नाम से विख्यात हरियाणा में इस बार चुनावी मुद्दे एकाध नहीं, बल्कि बहुतेरे हैं। कुश्ती की किचकिच, बृजभूषण सिंह और विनेश फोगाट के बीच चिंगारी की भांति भड़कता प्रकरण, जाट आंदोलन, किसान मूवमेंट, चुनाव से पहले नेताओं द्वारा दलबदल, आपसी खींचतान के इतर एक ऐसा अलहदा और नया रौचक मुद्दा उभरा हुआ है। मुद्दा किसी सियासी खिलाड़ी से नहीं, बल्कि घुड़सवार खिलाड़ी से वास्ता रखता है। किरदार का नाम है श्वेता मिर्धा। श्वेता के अचानक सियासत में कूदने से राजनीतिक समीकरण अपने आप बदल गए है।

श्वेता की आमद ने जहां कांग्रेस में नई जान फूंकी है, तो वहीं भाजपा के चुनावी गणित–भूगोल की ऐसी की तैसी कर दी है। श्वेता मिर्धा बेशक सियासी गलियारों में अपरिचित नाम हो और अनसुना भी। पर, ये नाम हरियाणा विधानसभा चुनाव में अचानक चर्चाओं में आया है। अगर थोड़ा विस्तार से पूरे माजरे को समझें तो मौजूदा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस विनेश फोगाट में अपना भविष्य तलाश रही है। कांग्रेस चाहती है विनेश कांग्रेस का दामन थामे और सियासी लड़ाई में छलांग लगाकर उनकी बैतरणी पार लगाए। लेकिन उनके अथक प्रयासों से कमोबेश वैसा हो न सका। कांग्रेस के स्थानीय नेताओं से लेकर शीर्ष लीडरशिप विनेश को खूब मनाती रही, तरह–तरह के लोभ–लालच दिए गए, लेकिन विनेश नहीं मानी। आखिरकार विनेश के मानने की खबर आई है। उन्हें मनाया किसी नेता ने नहीं, बल्कि एक खिलाड़ी ने मनाया है। खिलाड़ी का नाम है श्वेता मिर्धा। कांग्रेस इन दोनों के जरिए 90 में कम से कम 60 से ज्यादा सीटें जीतने का लक्ष्य बनाकर चल रही है।

सट्टा बाजार तो भविष्यवाणी ही कर चुका है कि अगर विनेश कांग्रेस का प्रचार भी कर देती हैं तो 56 से 60 सीटें जीत सकती हैं। कांग्रेस किसी भी सूरत में विनेश को चुनाव में उतारकर इस बार का चुनावी मैदान फतह करना चाहती है। श्वेता मिर्धा कोई और नहीं, हरियाणा कांग्रेस के कद्दावर नेता व युवा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की पत्नी हैं। युवा हैं। उच्चशिक्षित हैं। इसके अलावा श्वेता सफल अंतरराष्ट्रीय घुड़सवार खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने तमाम इंटरनेशनल घुड़सवारी प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीते हैं। ऐसा भी नहीं है कि वह राजनीति से अनभिज्ञ हैं। सियासत उनके खून में पहले से है। राजस्थान के दिग्गज जाट नेता व पांच मर्तबा सांसद रहे नाथूराम मिर्धा की पोती हैं। चलिए अब आते हैं मुद्दे की बात पर। कांग्रेस ने श्वेता को विनेश फोगाट को मनाने के लिए लगाया है। शुरुआती सफलता भी मिली है। पक्की खबर है कि उन्होंने विनेश फोगाट को राजनीति में आने के लिए मना लिया है। अगर ऐसा होता है तो कांग्रेस विनेश से जुड़ा पेरिस ओलंपिक में पदक न मिलने के उनके विश्वव्यापी प्रकरण को चुनाव में सहानुभूति के रूप में भुनाने से नहीं चूकेगी। सूत्र बताते हैं, विनेश कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा का चुनाव लड़ सकती हैं। श्वेता मिर्धा, अपने पति दीपेंद्र सिंह हुड्डा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा के साथ विनेश के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचकर लंबी मुलाकात कर चुकी हैं। मुलाकात के बाद संकेत मिले हैं कि अब विनेश हरियाणा विधानसभा चुनाव में कूदेंगी। चुनावी पंडित इस प्रकरण के बाद कयास लगाने लगे हैं कि अब मौजूदा चुनाव और दिलचस्प हो जाएगा, क्योंकि विनेश फोगाट चुनावी मैदान में अपनी चचेरी बहन और भाजपा नेता बबीता फोगाट से ही दो–दो हाथ करेंगी।

गौरतलब है कि हरियाणा में कुल 90 सीटें हैं जिनमें पिछले चुनाव में भाजपा ने मनोहर लाल की अगुवाई में 41 सीटें जीतकर जेजेपी के जीते 10 विधायकों का साथ लेकर सरकार बनाई थी। तब कांग्रेस ने 31 सीटें जीती थीं। दूसरे नंबर की पार्टी बनकर विपक्ष में बैठी थी। इस बार मनोहर लाल नहीं हैं, नायब सिंह सैनी हैं। अगले मुख्यमंत्री का चेहरा वही होंगे या नहीं? ये भी अभी निश्चित नहीं है। जहां तक विनेश के दबदबे की बात है तो 20 से 25 विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं जहां पहलवानों का अच्छा दबदबा है। इसलिए कांग्रेस विनेश फोगाट पर लगातार डोरे डाल रही हैं। निश्चित रूप से अगर वो आती हैं तो उनके साथ उनके कई साथी पहलवान भी कांग्रेस का दामन थाम कर चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। जब से बृजभूषण शरण सिंह के साथ विनेश का प्रकरण शुरू हुआ है, तभी से हरियाणा की खाप पंचायतें और जाट आबादी ने दूरी बनाई हुई है। इस सूरत–ए–हाल से भाजपा खुद असहज हुई पड़ी है। परिणाम क्या होंगे, उन्हें अभी से आभास हो चुका है। श्वेता मिर्धा हुड्डा और विनेश फोगाट को लेकर युवाओं में दीवानगी है। दोनों के आ''ान पर युवा कांग्रेस को वोट कर सकते हैं। हरियाणा में पिछली बार की तरह इस बार भी आम आदमी पार्टी मौजूदा चुनाव में जोर आजमाइश कर रही है। जेजेपी के अलावा इनेलो–बसपा गठबंधन और अन्य दल भी मैदान में कूदे हुए हैं लेकिन मुख्य मुकाबला कांग्रेस–भाजपा के बीच में ही है। मौजूदा विधानसभा चुनाव में कुश्ती का कितना दबदबा रहेगा इसका असल परिणाम तो चार अक्टूबर को देखने को मिलेगा जब ईवीएम का पिटारा खुलेगा।

# जम्मू-कश्मीर चुनाव से नये दौर की उम्मीद



ललित गर्ग

जम्मू एवं कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव कराने की चुनाव आयोग की घोषणा निश्चित ही लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती देने के साथ क्षेत्र के लिए विकास के नए दौर के द्वार खोलने का माध्यम बनेगी। जम्मू–कश्मीर की 90 सीटों पर विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिसमें 43 जम्मू और 47 कश्मीर की सीटें हैं, इन चुनावों में जम्मू–कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बड़ी संख्या में मतदान कर ऐसी सरकार बनाये जो शांति और विकास के नये द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे। आज सबकी आंखें एवं कान चुनावी सरगर्मियों एवं भविष्य के गर्भ में ईवीएम से निकलने वाले जनादेश पर लगी हैं। ये चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होने के साथ प्रांत में नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। इस बार के चुनाव अब तक हुए चुनावों से अलग है और खास है।

जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन भरने की आज आखिरी तारीख है, लेकिन तमाम बड़ी पार्टियों के बीच असमंजस और अनिश्चितता जैसे खत्म होने का नाम नहीं ले रही। हालांकि कुछ हद तक इस तरह की अनिश्चितता हर चुनाव में होती है, लेकिन जम्मू–कश्मीर के मामले में हालात सामान्य से ज्यादा जटिल हैं और इस असमंजस के पीछे उसकी भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। विपक्षी खेमे में माने जाने वाले राज्य के तीनों प्रमुख दलों में सहयोग और संघर्ष दोनों का दिलचस्प घालमेल दिख रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के बीच सभी 90 सीटों पर गठबंधन की घोषणा कर दी गई है, लेकिन आलम यह है कि पहले चरण की 24 सीटों का भी बंटवारा मुश्किल साबित हो रहा। पीडीपी इस गठबंधन से बाहर है। फिर भी मुद्दों की एकरूपता के चलते न सिर्फ उमर अब्दुल्ला उससे अपनी पार्टी के खिलाफ प्रत्याशी न खड़ा करने को कह रहे हैं बल्कि खुद महबूबा भी कह चुकी हैं कि अगर उनके अजेंडे को स्वीकार किया गया तो गठबंधन का समर्थन करेंगी। भाजपा किसी बड़े दल के साथ गठबंधन में नहीं है, इसलिए वहां इस तरह की गफलत नहीं है, लेकिन निर्णय लेना और उसे लागू करना वहां भी जटिल बना हुआ है। जम्मू–कश्मीर में दस वर्ष बाद होने जा रहे विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा को अपने प्रत्याशियों की सूची जारी कर उसे जिस तरह वापस लेना पड़ा, उससे उसकी छिछालेदार तो हुई ही है, अनुशासित दल की उसकी छवि को धक्का भी लगा। स्थिति यह है कि पार्टी ने सोमवार को 44 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करने के थोड़ी ही देर बाद व्यापक विरोध के कारण उसे वापस ले लिया। इसके बाद जो सूची जारी की गई, उसमें 15 ही प्रत्याशियों के नाम थे। यह आलम तब है, जब पहली सूची भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में मंजूर की गई थी।



यदि भाजपा औरों से अलग तथा अनुशासित दल की अपनी छवि के प्रति सचेत है तो उसे प्रत्याशी चयन की अपनी प्रक्रिया को लोकतांत्रिक आकार देना ही होगा। पहले जारी सूची का विरोध जिन कारणों से हुआ, उनमें एक तो दूसरे दलों से आए नेताओं को प्रत्याशी बनाना रहा और दूसरे दोनों पूर्व उप मुख्यमंत्रियों का नाम न होना। लगता है भाजपा को अभी भी लोकसभा चुनावों में हुई गलतियों का आभास नहीं है। लोकसभा चुनाव में उसे दूसरे दलों के नेताओं को चुनाव मैदान में उतारने का किस तरह नुकसान उठाना पड़ा था। जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए जारी प्रत्याशियों की सूची का विरोध यह भी बताता है कि भाजपा प्रत्याशी चयन की कोई नीर–क्षीर, पारदर्शी और ऐसी प्रक्रिया का निर्माण नहीं कर सकी है, जिससे असंतोष, विरोध और भितरघात का सामना न करना पड़े। वैसे यह समस्या केवल भाजपा की ही नहीं, सभी दलों की है। कम से कम यह तो होना ही चाहिए कि राजनीतिक दल प्रत्याशियों के चयन में अपने जमीनी कार्यकर्ताओं की राय को महत्व दें। यह कठिन कार्य नहीं, लेकिन हमारे राजनीतिक दल आंतरिक लोकतंत्र विकसित करने से बच रहे हैं। चुनाव अभियान प्रारम्भ हो रहा है। प्रत्याशियों के नामांकन हो रहे हैं। सब राजनैतिक दल अपने–अपने 'घोषणा–पत्र' को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बताकर सब समस्याएं मिटा देने तथा सब रोगों की दवा बन जाने की नैतिकता की बातें करते हुए व्यवहार में अनैतिकता को छिपायेंगे। टुकड़े–टुकड़े बिखरे कुछ दल फेवीकॉल लगाकर एक होंगे। सत्ता तक पहुँचने के लिए कुछ दल परिवर्तन को आकर्षण व आवश्यकता बतायेंगे। इस बार दलों में जितना अन्दर–बाहर होता हुआ दिख रहा है, उससे स्पष्ट है कि चुनाव परिणामों के बाद भी एक बड़ा दौर असमंजस का चलेगा। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि ''अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे।'' इसलिये प्रांत के लोगों को मतदान करते हुए विवेक का परिचय देना होगा।

इन चुनावों की जटिलता का अंदाजा इस बात से भी लगता है कि एक दशक पहले यानी 2014 में हुए विधानसभा चुनाव के समय अनुच्छेद 370 के तहत विशेष दर्जे से लैस जम्मू–कश्मीर अब विशेष राज्य के दर्जे से भी वंचित है। उस चुनाव में दो सबसे बड़ी और मिलकर सरकार बनाने वाली पार्टियां पीडीपी और भाजपा एक–दूसरे की धुर विरोधी हो चुकी हैं। राज्य में अब भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हिन्दू बहुल सीटों और कश्मीरी पंडितों के वोट बैंक को अपने खाते में डालने के इरादे से मैदान में उतर रही है और ऐसे में कांग्रेस की हालत खराब होना तय माना जा रहा है। भले ही सभी क्षेत्रीय पार्टियों ने भाजपा के साथ गठबंधन करने से इंकार कर दिया है, लेकिन भाजपा की मजबूत स्थिति को देखते हुए भविष्य में क्षेत्रीय दलों के भाजपा के साथ बहती हवा में जाने की संभावनाओं से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। जम्मू–कश्मीर एक राज्य के रूप में शुरू से विशिष्ट रहा है, इस दृष्टि से वहां होने वाले चुनाव भी विशेष एवं अन्य राज्यों से भिन्न है। बड़ी बात यह है कि पार्टियां एक–दूसरे के बारे में चाहे जो भी कहें, ये सभी भारतीय संविधान के तहत लोकतांत्रिक ढंग से चुनाव में हिस्सेदारी कर रही हैं और जनादेश को भी स्वीकार करेंगी। निश्चित ही इन चुनाव परिणामों से उम्मीद जगी है कि यहां से जम्मू–कश्मीर में लोकतांत्रिक विकास और शांति–समृद्धि–स्थिरता का नया दौर शुरू होगा। ऐसा होना ही इन चुनावों की सार्थकता है।

जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा–दिशा स्पष्ट करेंगे बल्कि बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। वैसे तो हर चुनाव में वर्ग, जाति, सम्प्रदाय का आधार रहता है, पर इस बार वर्ग, जाति, धर्म, सम्प्रदाय व क्षेत्रीयता व्यापक रूप से उभर कर सामने आयेगी। मतदाता जहां ज्यादा जागरूक दिखाई दे रहा है, वहीं राजनीतिज्ञ भी ज्यादा समझदार एवं चतुर बने हुए दिख रहे हैं। उन्होंने जिस प्रकार चुनावी शतरंज पर काले–सफेद मोहरें रखे हैं, उससे मतदाता भी उलझा हुआ है। अपने हित की पात्रता नहीं मिल रही है। कौन ले जाएगा राज्य की एक करोड लाख पच्चीस लाख जनता को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में विकास एवं शांति की दिशा में। सभी नंगे खड़े हैं, मतदाता किसको कपड़े पहनाएगा, यह एक दिन के राजा पर निर्भर करता है। चुनाव घोषित हो जाने से तथा प्रक्रिया प्रारंभ हो जाने से जो क्रियाएं–प्रतिक्रियाएं हो रही हैं उसने ही सबके दिमागों में सोच की एक तेजी ला दी है।

प्रत्याशियों के चयन व मतदाताओं को रिझाने के कार्य में तेजी आती जायेगी। परम आवश्यक है कि सर्वप्रथम राज्य का वातावरण चुनावों के अनुकूल बने। राज्य ने साम्प्रदायिकता, आतंकवाद तथा अस्थिरता के जंगल में एक लम्बा सफर तय किया है। उसकी मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, वह भी हिली है। पुराने चेहरों पर उसका विश्वास नहीं रहा। अब प्रत्याशियों का चयन कुछ उसूलों के आधार पर होना चाहिए न कि जाति और जीतने की निश्चितता के आधार पर। मतदाता की मानसिकता में जो बदलाव अनुभव किया जा रहा है उसमें सूझबूझ की परिपक्वता दिखाई दे रही है। ये चुनाव ऐसे मौके पर हो रहे हैं जब राज्य लम्बे दौर की विभिन्न चुनौतियों से जूझने के बाद शांति एवं विकास की राह पर अग्रसर है।

# मरीजों को पीड़ामुक्त करती नर्सों के चेहरे की मुस्कान भी बनी रहे!



डॉ आरके सिन्हा

भारत में रोगियों का अस्पतालों में तस्लीबख्श इलाज किस तरह से हो, इस मसले पर नए–नए सुझाव सामने आते रहते हैं। सब अपने–अपने अनुभव और जानकारी के हिसाब से बताते हैं कि रोगियों को हम किस तरह से उच्च कोटि का इलाज दे सकते हैं। पर सारी बहस में हेल्थ सेक्टर की जान नर्सों के योगदान और उनके हितों की चर्चा कहीं पीछे छूट जाती है। यह बात ध्यान रखने की है कि अपने पेशे के प्रति निष्ठावान नर्सों के बिना रोगियों को सही ढंग से इलाज ही संभव नहीं है। इसलिए नर्सों की ट्रेनिंग और इनकी पगार और दूसरी सुविधाओं, खासकर इनके साथ होने वाले विनम्र व्यवहार पर खास देते रहना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का मानना है कि एक हजार की आबादी पर चार नर्से लाजिमी तौर पर होनी चाहिए। भारत अभी तक इस स्थिति तक नहीं पहुंचा है। भारत में एक हजार लोगों पर औसत दो ही प्रशिक्षित नर्से उपलब्ध हैं। भारत को अपने हेल्थ सेक्टर को बेहतर बनाने के लिए नर्सिंग क्षेत्र को और सशक्त बनाना होगा। हमारे यहां हर साल करीब ढाई लाख नई नर्से प्रशिक्षित होकर आ जाती हैं। यह बहुत साफ है कि नर्से किसी भी देश के हेल्थ सेक्टर की जान होती हैं, जो रोगी की देखभाल, उपचार का संचालन और रोगी के मनोबल को बढ़ाकर उन्हें स्वस्थ करने में अहम रोल निभाती हैं। भारत में नर्सों की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। नर्स अपने आप में डॉक्टरों से कोई बहुत पीछे नहीं होती, रोगियों का इलाज करने में। उदाहरण के रूप में कैंसर रोगियों का इलाज करने के लिए विशेष ज्ञान और कौशल की आवश्यकता होती है। ऑन्कोलॉजी नर्सों को उपचार का संचालन करने, दुष्प्रभावों का प्रबंधन करने और रोगियों और उनके परिवारों को भावनात्मक समर्थन प्रदान करने में कुशल होना चाहिए। इसी प्रकार किडनी या लिवर ट्रांसप्लांट के मरीजों को संक्रमण (इन्फेक्शन) से बचाना एक बड़ी समस्या है जिससे निपटने के लिये प्रशिक्षित नर्से ही प्राणरक्षक का कार्य करती हैं। अंग्रेज नर्स ''फ्लोरेंस नाइटिंगल'' विश्व में आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक मानी जाती हैं। बेशक, नर्स किसी भी देश की चिकित्सा प्रणाली का जरूरी अंग हैं। यह रोगियों की जांच में फिजिशियनों एवं ऑपरेशन के दौरान भी सर्जनों की सहायता करती हैं, फीवर और ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, पल्स रेट आदि नियमित रूप से रिकॉर्ड करती हैं, रोगियों को दवा खिलाने/पिलाने, इंजेक्शन देने का कार्य करती हैं, घावों की पट्टियां बदलती हैं और रोगियों के उपचार का रिकॉर्ड, तापमान, पल्स रेट, पोषाहार, सुधार आदि का रिकॉर्ड भी रखती हैं। अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, नर्सों को अक्सर उनके योगदान के लिए बहुत कम पहचान मिलती है और उनके पेशेवर विकास के अवसर भी कम ही होते हैं। यह सबको पता है कि भारत में अधिकतर नर्स केरल से आती हैं, यूरोप और अमरीका में फिलीपींस से। दोनों ही स्थान समंदर के किनारे बसे हैं। यह अपने घरों को और बाल–बच्चों परिवार को देखने के अलावा नाइट–ड्यूटी भी करती हैं। फिलीपींस और केरल दोनों से हर साल हजारों नर्से निकलती हैं। नर्से भारत के विभिन्न भागों अलावा अरब खाड़ी के अन्य देशों में जातीं हैं। फिलीपींस वाली नर्से ज्यादा पसंद करती हैं अमरीका और यूरोप। इन दोनों जगहों की नर्सों ने अपनी मेहनत और लगन से सारी दुनिया में अपना नाम कमाया है। दिल्ली का सेंट स्टीफंस अस्पताल गुजरे सवा सौ सालों से रोगियों का इलाज कर रहा है। यहां की नर्सों को इस अस्पताल को स्थापित करने वाली संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी की तरफ से सीख मिलती रही है कि जनसेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। इसके चलते सेंट स्टीफंस अस्पताल या इसे छोड़कर किसी अन्य जगह पर जाकर काम करने वाली नर्से हमेशा रोगियों के साथ खड़ी रहती हैं।

अगर आप खेलों की दुनिया को करीब से नहीं भी जानते हैं तो भी आपने भारत के मशहूर धावक अमोज जैकब का नाम सुना होगा? हो सकता है कि कि आप कहें कि नर्सों की चर्चा करते हुए हम भटक तो नहीं रहे। यह बात नहीं है। जैकब उस भारतीय पुरुष 4x400 रिले टीम के मेंबर थे जिसने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नए राष्ट्रीय और एशियाई रिकॉर्ड के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भी भाग लिया था। अमोज जैकब की मां राजधानी दिल्ली के एक अस्पताल में हेड नर्स हैं। अमोज जैकब कहते हैं कि मेरी मां ने दिन–रात रोगियों की सेवा करते हुए मुझे भी हमेशा प्रोत्साहित किया कि मैं बेहतरीन धावक बन जाऊं।

अब तो भारत के सभी प्रदेशों से नर्से आ रही हैं खासकर पहाड़ी प्रदेशों उत्तरांचल, मणिपुर, अरुणाचल, मिजोरम, नागालैंड, मेघालय, सिक्किम आदि से। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि केरल की नर्सों की अब भी सब जगहों में बहुत मांग है। वह जहां जाती हैं, वहां पर केरल का नाम रोशन भी करती हैं। उन्हें बेहतर सेवा करने के बदले में अच्छी से अच्छी सैलरी भी मिलनी चाहिए। डब्ल्यूएचओ की एक रिपोर्ट के अनुसार, करीब साढ़े छह लाख भारतीय नर्से देश से बाहर जाकर काम कर रही हैं। जाहिर हैं कि इतनी बड़ी संख्या में नर्सों के देश से बाहर काम करने से देश में और उनके परिवारों में पर्याप्त काफी विदेशी मुद्रा आती ही होगी।

भारत की सबसे बड़ी लक्जरी कारें और बसें उपलब्ध करवाने वाली मान ट्रांसपोर्ट कंपनी के चेयरमेन अमृत मान तो नर्सों की बात होते ही बहुत भावुक हो जाते हैं। वे बताते हैं कि अगर उनकी राजधानी के जयप्रकाश नारायण अस्पताल (पहले इरर्विन अस्पताल) में हेड नर्स के रूप में काम करने वाली मां ने उनका साथ न दिया होता तो वह अपने को स्थापित नहीं कर पाते। अमृत मान की मां ने अपने बेटे को अपनी रिटायरमेंट के वक्त मिले पैसे से टैक्सी दिलवाई। उसके बाद अमृत मान ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनकी कंपनी ही जी–20 शिखर सम्मेलन में भारत सरकार को लक्जरी कारें और बसें उपलब्ध करवा रही थी।

भारत में, नर्सिंग एक ऐसा पेशा है जो महिलाओं द्वारा बड़े पैमाने पर चुना जाता है। इस क्षेत्र में पुरुष नर्सों की भूमिका अभी भी ऐसे क्षेत्रों तक सीमित है, जिसमें रोगियों को उनकी न्यूनतम आवश्यकता होती है जैसे आई.सी.यू.। अभी भी विशेष रूप से प्रसूति एवं महिला रोग विज्ञान विभाग में पुरुष नर्सों को स्वीकार नहीं करते। जानकार मानते हैं कि भारत में एक लाख सहायक नर्स (मिडवाइफों) तथा चार लाख सामान्य नर्स (मिडवाइफों) की कमी है।

आप भी मानेंगे कि इस तरह के बहुत भाग्यशाली ही लोग होते हैं, जिन्हें कभी अस्पताल में जाना नहीं पड़ता। उन कठिन दिनों में हमें नर्स की सेवा और उनकी मुस्कान से कितनी राहत मिलती है, यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। इसलिए यह परम आवश्यक है कि नर्सों के चेहरों मुस्कान बनाए रखने के लिए सरकार और समाज इनके हितों को देखे।

जब मैं बहुत ही बीमार था और मेरा किडनी प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांट) हुआ था, मुझे दिल्ली के गंगाराम अस्पताल और सिंगापुर के माउन्ट एलिजाबेथ अस्पताल में महीनों बिताने पड़े थे। नर्सों के व्यवहार और उनकी मुस्कुराहट का मेरे स्वास्थ्य लाभ में बड़ा योगदान है। लेकिन, यदि आप उनका व्यवहार बढ़िया हो, ऐसा छह रहे हैं, तो आपको भी उन्हें अपनी बेटी और बहन की तरह ही मान कर व्यवहार करना होगा। वे कितनी ज्यादा प्रेशर में आठ घंटे भागती रहती हैं, इसका भी ध्यान रहे।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# शर्मसार मानवता- स्कूलों और मदरसे में भी घिनौनी हरकतें!



मनोज कुमार अग्रवाल

देश भर में अलग अलग स्थानों पर शिक्षा के पावन स्थलों में मासूम बच्चियों को येन केन प्रकारेण दरिंदगी का शिकार बनाने की घटनाओं की झड़ी लगी है। तमिलनाडु के सिरुमुगाई से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां रूटीन विजिट पर निकले बाल संरक्षण अधिकारी उस समय हैरान रह गए जब उन्होंने पाया कि टीचर द्वारा ही कथित तौर पर 9 छात्राओं का यौन उत्पीड़न किया गया। दरअसल, जिला बाल संरक्षण अधिकारियों ने यौन उत्पीड़न और बाल विवाह के बारे में सेमिनार आयोजित करने के लिए अलंगोम्बू सरकारी स्कूल का दौरा किया था. इस दौरान जब स्टूडेंट्स से उन्होंने बातचीत की तो अधिकारी ये देखकर हैरान रह गई कि स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत नटराजन द्वारा कक्षा 7 और 8 की नौ छात्राओं का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया था.अब पुलिस शिकायत दर्ज कराई है. इस मामले में पॉक्सो एक्ट के तहत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं उत्तर प्रदेश के पीलीभीत के रहने वाले एक मौलवी ने उत्तराखंड में मदरसे की 5 से 9 साल की 5 बच्चियों के साथ रेप किया।मामले की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ हैं। थाना रुद्रपुर में मस्जिद के ऊपर अवैध मदरसा बना हुआ है। यहां एक मौलवी बच्चियों के साथ रेप करता था। बच्चियां मदरसे में मौलवी से उर्दू सीखने जाती थीं।पुलिस ने मौलवी को गिरफ्तार किया और इन्वेस्टिगेशन शुरू की है। पीड़िता की मां ने तहरीर में अपनी बेटी के अलावा चार बच्चियों का नाम भी उल्लेख किया था। इन बच्चियों का बयान कराया गया। ये बच्चियां हिंदी–इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ने जाती थीं। दोपहर में स्कूल खत्म करने के बाद पेरेंट्स इन्हें मौलवी के पास उर्दू सीखने के लिए भेज देते थे।पुलिस अधीक्षक के अनुसार मौलवी दो महीने से बच्चियों के साथ रेप कर रहा था। वो बच्चियों को डराता था। कहता था कि मेरे पास डिब्बे में जिन्न है। उसे निकाल दूंगा, जो तुम्हारे मां–बाप को मार डालेगा। इसलिए बच्चियां कुछ बोलती नहीं थीं। महाराष्ट्र के बदलापुर और अकोला में भी ऐसा ही मामला बता दें कि महाराष्ट्र के बदलापुर में भी दो स्कूली बच्चियों से यौन शोषण का मामला सामने आया था. यहां सरकारी स्कूल का टीचर छात्राओं को अश्लील वीडियो दिखाता था. इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है. आरोप है कि टीचर करीब चार महीनों से ये हरकत कर रहा था. छात्राओं ने बाल कल्याण समिति को कॉल किया और पूरी बात बताई. यह घटना तब सामने आई, जब बदलापुर में दो किंडरगार्टन की बच्चियों के यौन शोषण को लेकर भारी विरोध–प्रदर्शन हो रहा है।

कर्नाटक के कालाबुरागी जिले में कक्षा में 11 वर्षीय स्कूली छात्रा के साथ बलात्कार के प्रयास के आरोप में पुलिस ने एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है, अधिकारियों ने बुधवार को कहा। यह घटना जिले के आलंद तालुक के निंबार्गा पुलिस स्टेशन की सीमा में स्थित एक सरकारी स्कूल से सामने आई है। पुलिस के मुताबिक पीड़िता स्कूल में 5वीं कक्षा में पढ़ती थी। मंगलवार को जब बच्ची दोपहर का भोजन करने के बाद कक्षा में गई थी तो आरोपी ने उस पर हमला कर दिया। निंबार्गा पुलिस ने आरोपी शिक्षक की तलाश शुरू की और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यौन अपराधों से बच्चों की रोकथाम अधिनियम (पोक्सो) और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

कर्नाटक के कोलार जिले में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक निजी प्री–यूनिवर्सिटी कॉलेज में पढ़ने वाली 17 वर्षीय लड़की ने सोमवार को स्कूल परिसर में ही बच्चे को जन्म दिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली लड़की ने महिला शौचालय में बच्चे को जन्म दिया है। इस घटना के बाद से स्कूल परिसर में हड़कंप मच गया है।पुलिस के अनुसार, लड़की और बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लड़की के माता–पिता ने बाद में कोलार महिला पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि उन्होंने यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की धारा 6 (गंभीर यौन उत्पीड़न) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (2) (एन) (एक ही महिला से बार–बार बलात्कार करना) के तहत मामला दर्ज किया है।

ऐसा लगता है कि जैसे हमारे देश में बच्चियों और महिलाओं पर जिस्म के भूखे दरिंदे घात लगाकर टूट रहे हैं और कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन गए हैं। पश्चिम बंगाल में ट्रेनी डाक्टर के बलात्कार और हत्या को लेकर देशव्यापी प्रदर्शन किए जा रहे हैं लेकिन दरिंदगी बर्बरता और हैवानियत की वारदातें लगातार सामने आ रही है। पिछले 72 घंटों में सामने आई वारदातों पर एक नजर डालें :22 अगस्त को राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में एक 4 वर्षीय मासूम की मां जब किसी काम से घर से बाहर गई हुई थी तो उसके 35 वर्षीय रिश्तेदार ने मासूम से बलात्कार कर डाला। 22 अगस्त को ही बिहार के बेतिया में एक नर्सिंग कालेज के प्रिंसीपल मनीष कुमार जायसवाल को लड़कियों से अश्लील हरकतें करने, आफिस में शराब पीने तथा होस्टल की छत पर मालिश करवाने के आरोप में निलम्बित किया गया। 22 अगस्त को ही उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के 'पुवायां' थाना क्षेत्र में एक युवक ने एक मकान में घुस कर एक महिला से बलात्कार कर डाला जब उसका पति घर से बाहर गया हुआ था। 22 अगस्त को ही महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में घर से लापता एक10 वर्षीय लड़की का शव गन्ने के खेत से बरामद हुआ जिसकी हत्या करने से पहले उससे बलात्कार किया गया था। 23 अगस्त को असम के नागांव जिले के 'धींग' इलाके में रात लगभग

8 बजे ट्यूशन से साइकिल पर घर लौट रही 14 वर्षीय एक हिन्दू किशोरी से 3 लोगों ने बलात्कार कर डाला।23 अगस्त को ही उत्तर प्रदेश के अयोध्या में एक नवविवाहित मुस्लिम महिला द्वारा नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करने पर उसके ससुराल वालों ने उसके चेहरे पर खौलती हुई दाल फेंक कर उसका चेहरा जलाने के अलावा पति ने 'तीन तलाक' दे दिया। 23 अगस्त को ही महाराष्ट्र के बदलापुर में एक स्कूल में 3 और 4 वर्ष की 2 मासूम बच्चियों के यौन उत्पीड़न के मामले में सरकार द्वारा गठित 2 सदस्यीय पैनल के अनुसार इन बच्चियों का एक बार नहीं बल्कि 15 दिनों में कई बार यौन शोषण किया गया जिससे उनकी योनि की झिल्ली फट गई। 23 अगस्त को ही छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्कूल से लौट रही एक 13 वर्षीय नाबालिग को लिफ्ट देने के बहाने जंगल में ले जाकर उससे बलात्कार करने के आरोप में एक 30 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। 23 अगस्त के दिन ही चंडीगढ़ में एक स्कूल बस ड्राइवर मोहम्मद रज्जाक को 12वीं कक्षा की छात्रा की तस्वीरों से छेड़छाड़ के जरिए उसे ब्लैकमेल करके उससे बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। 23 अगस्त को ही महाराष्ट्र में चंद्रपुर जिले के 'नागभीड़' कस्बे में मानसिक रूप से कमजोर एक 27 वर्षीय युवती से सामूहिक बलात्कार करने के आरोप में 5 लोगों को गिरफ्तार व एक नाबालिग लड़के को हिरासत में लिया गया।23 अगस्त रात को कर्नाटक में उडुपी जिले के कारकल में एक 24 वर्षीय युवती को अपहरण कर नशीला पदार्थ देने के बाद सुनसान जगह पर ले जाकर बलात्कार कर दिया गया। 24 अगस्त को महाराष्ट्र में पुणे के पिंपरी–चिंचवड में एक निजी स्कूल में 12 वर्षीया छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोप में एक अध्यापक और 7 अन्य को गिरफ्तार किया गया।24 अगस्त को ही असम में 'सोनितपुर' जिले में सैर पर निकली दो लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास करने के आरोपी ने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की जिसे पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। प्रतिदिन हो रही बलात्कार की घटनाओं ने न सिर्फ देश में मासूम बच्चियों और उनके अभिभावकों के दिल दिमाग में बच्चियों की सुरक्षा को लेकर दहशत और आशंका को जन्म दे रहीं हैं। देश भर में लडकियां महिलाएं खुद को असुरक्षित और जिस्म के भूखे दरिंदों से घिरे वातावरण में महसूस कर रहीं हैं इस माहौल में नारी जाति की सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं अतः आवश्यकता इस बात की है कि बलात्कार के मामलों में त्वरित सुनवाई कर बिना देरी दोषियों को कठोरतम दंड दिया जाए ताकि इस असुरक्षा की भावना से आधी दुनिया को बाहर निकाला जा सके।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधान कार्यालय कर्मचारियों को पेंशन स्कीम के बारे में बताया



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे प्रधान कार्यालय मे नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एंप्लॉयज यूनियन जीएलओ शाखा द्वारा सभा आयोजित की गई।शाखा सचिव राजीव कुमार सारण ने बताया कि सभा को संबोधित करते हुए यूनियन के महामंत्री मुकेश माथुर ने यूनि×फाइड पेंशन योजना (यूपीएस) के बारे मे विस्तार से बताया। उन्होने पुरानी पेंशन लागू होने से अब तक उसमे हुए सुधार, ए आई आर एफ/एन डबल्यू आर ई यू के संघर्ष से एनपीएस मे अब तक हासिल की गई उपलब्धियों के बारे मे बताते हुए कहा कि यूनिफाइड पेंशन स्कीम के माध्यम से यूनियन ने कर्मचारियों को सुनिश्चित पेंशन दिलाने का कार्य किया है तथा इसमे पाई जाने वाली कमियों को दूर करवाया जाएगा। उन्होने आठवें वेतन आयोग के गठन के लिए किए जाने वाले संघर्ष के लिए सभी को तैयार रहने के लिए आ''ान किया। शाखा सचिव राजीव सारण ने भी सभा को संबोधित किया और सहायक महामंत्री मीना सक्सेना ने सभा मे उपस्थित कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। सभा में अशोक अग्रवाल, नारायण सिंह, सुनील माथुर, इन्द्रपाल सिंह, प्रेम नारायण, उत्तम बाथरा, योगेश शर्मा, गजानंद कुमावत, चेतन वर्मा, महेश बोहरा, दौलत सिंह , त्रिलोचन सिंह, मोहन शर्मा, शैलेंद्र जोशी, राजीव बड़सर, फूलचंद, शंकर यादव, शिवम गुप्ता, धर्मेश बैरवा, शिव कुमार, राज कुमार, विशाल पारवानी, सोनल माथुर, विभा तापड़िया, पारुल माथुर, आरती अग्रवाल सहित प्रधान कार्यालय के 200 से अधिक साथी उपस्थित थे।

### आवारा पशु की चपेट में आने से दो बाईक सवार घायल

- घायलों को जिला अस्पताल में किया रैफर



**चमकता राजस्थान/भरतपुर (राजवीर सिंह)।** नदबई-में आवारा पशु की चेपट में आने से बाइक सवार युवक हुए घायल, दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल किया गया रेफर। प्राप्त जानकारी अनुसार नदबई कुम्हेर सड़क मार्ग पर गत रात सिरसई मोड़ के पास आवारा पशु की चपेट में आने से बाइक सवार 2 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें 108 एंबुलेंस की सहायता से राजकीय उपजिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घायलों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एंबुलेंसकर्मी रामकुमार चौधरी ने बताया कि नदबई कुम्हेर सड़क मार्ग पर सिरसई मोड़ के पास आवारा पशु की चेपट में आने से बाइक सवार गांव बहरामदा का रहने वाला नुकुल (28) पुत्र भूरीसिंह और उसका अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवक सड़क पर घायल अवस्था में पड़े थे। घटना को देख आसपास के लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना पर 108 एंबुलेंस तुरंत मौके पर पहुंची और घायल नकुल को उपचार के लिए राजकीय उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उससे पहले नकुल के साथी को लोग निजी वाहन से उपचार के लिए भरतपुर इलाज के लिए ले गए। कंपाउंडर विष्णु शर्मा ने बताया कि घायल नकुल की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नकुल के आंख, सिर में चोट आई है।

### बाबू महाराज के मेले को लेकर उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा के अध्यक्षता में मंदिर पर मीटिंग



**चमकता राजस्थान/धौलपुर (रामदास तरुण )।** जिला धौलपुर के बाड़ी उपखण्ड में लगने वाले मेला थूम के बाबू महाराज मंदिर थूम कुदिन्ना पर मेला से संबंधित एक मीटिंग का आयोजन किया गया !जिसमें मेला की समुचित व्यवस्था करवाने हेतु रऊ्द बाड़ी द्वारा दिशा निर्देश दिए गए एवं उनके द्वारा यह भी कहा गया कि दुकानदारों को पॉलिथीन उपयोग नहीं करने के लिए भी पाबंद किया जाए साथ में कचरे के दिए डस्टबिन रखा जाए, बाबू महाराज का लक्खी मेला 3 दिन रहता है! लेकिन बाबू महाराज गवाही एवं देवता का आगमन 5 सितंबर को रहेगा! इसलिए ज्यादा संख्या में भक्त इसी दिन आते हैं! पार्किंग से लेकर दुकानदारों को समुचित एवं उपयुक्त स्थान पर दुकान लगाने के लिए भी निर्देश दिए गए, बैठक में सोने गुर्जा एस एच ओ भीम सिंह मैं जाप्ता के मौजूद रहे! बाबू महाराज सेवा समिति के सभी सदस्य भगवान सिंह गुर्जर अध्यक्ष श्री बाबू महाराज सेवा समिति, रविंद्र गिरी महाराज ,लाल सिंह भगत, देवी सिंह भगत, राम मुकुट गुर्जर सहायक कृषि अधिकारी, शीशराम गुर्जर अध्यापक, वीरेंद्र पटवारी, हरिसिंह अध्यापक, जगदीश सिंह अध्यापक, दुर्गसिंह अध्यापक, रमेश सरपंच, शंकर लाल, सुल्तान सिंह एवं तमाम कुदिन्ना गांव के पंच पटेल उपस्थित रहे!

## उप चुनाव की तैयारी बैठक

# केंद्र सरकार की विफलताओं को आमजन के बीच उजागर करना होगा : डोटासरा

चमकता राजस्थान/अत्री कुमार दाधीच



**जयपुर, 27 अगस्त।** राजस्थान में होने वाले आगामी 6 विधानसभा क्षेत्रों के उप-चुनाव की तैयारी के लिए प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने विधानसभा क्षेत्र देवली-उनियारा तथा खींवसर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के प्रमुख नेताओं एवं कार्यकर्ताओं की बैठक प्रदेश कांग्रेस वॉर रूम में लेकर संगठन को विधानसभा क्षेत्र में उप-चुनाव के मद्देनजर सक्रिय करने तथा आमजन को पार्टी के साथ जोड़ने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए।

बैठक में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने उपस्थित कांग्रेस नेताओं से संवाद करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किये तथा संगठनात्मक सक्रियता हेतु पार्टी नेताओं को निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेतागण विधानसभा क्षेत्र में मंडल एवं ब्लॉक स्तर पर बैठक आयोजित कर बूथ कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को सक्रिय करें तथा बीएलए की सूची प्रदेश कांग्रेस को शीघ्र प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में पूर्णतया सक्रिय होकर आम जनता से संवाद कर राजस्थान की भाजपा सरकार तथा केंद्र सरकार की विफलताओं को आमजन के बीच उजागर करना होगा। उन्होंने कहा कि मंडल एवं ब्लॉक स्तर पर सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रेरित करने हेतु ब्लॉक एवं जिला कार्यकारिणी में स्थान प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने देवली-उनियारा तथा खींवसर विधानसभा क्षेत्र के नेताओं व कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां प्रदान की एवं 7 दिन में निर्देशों की पालना में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि बुधवार को प्रातः 10.00 बजे विधानसभा क्षेत्र झुंझुनू के प्रमुख कांग्रेसजनों की बैठक होगी। उसके पश्चात दोपहर दौसा के प्रमुख कांग्रेसजनों की बैठक ली जाएगी। बैठक में विधानसभा उप-चुनाव हेतु संगठन की सक्रियता बढ़ाने हेतु गठित चार सदस्यीय समिति के सदस्यों के साथ ही क्षेत्र के स्थानीय प्रमुख कांग्रेसजन बैठक में भाग लेंगे।

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने बैठक में प्राप्त फीडबैक के आधार पर खींवसर विधानसभा क्षेत्र के खींवसर ब्लॉक ''ए'' तथा खींवसर ब्लॉक ''बी'' के ब्लॉक अध्यक्ष, इसी के साथ ही खींवसर विधानसभा क्षेत्र के कुचेरा नगर कांग्रेस के अध्यक्ष तथा खींवसर विधानसभा क्षेत्र के मंडल कांग्रेस कमेटियों का गठन कर अध्यक्षों की नियुक्ति के आदेश जारी किये।

चतुर्वेदी ने बताया कि खींवसर ब्लाॅक ''ए'' के अध्यक्ष पद पर पूसाराम आचार्य, खींवसर ब्लॉक ''बी'' के अध्यक्ष पद पर राजेन्द्र फिड़ौदा, कुचेरा नगर कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर इंसाफ खान को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार मण्डल कांग्रेस कमेटियों में करनू-श्रीमती रामी देवी, पांचोड़ी- श्रवण राम विश्नोई, भुन्डेल- इकबाल, पांचला सिद्धा- जालाराम थामड़िया, खींवसर- जुगलकिशोर, खरनाल- गणपत राम धोलिया, खजवाना- कासम अली, संखवास- बुद्धाराम मुण्डेल, हरसोलाव- गणपत राम चौहान तथा नोखा चांदावता रामप्रकाश रियाड को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## कृष्ण नाम से इतनी ही नफरत तो अपना नाम गोविंद से बदलकर गुलाम कब रख रहे हैं डोटासरा?: श्रवण बगड़ी

### सनातन से नफरत की सुपारी के बदले क्या मिला है डोटासरा को : श्रवण बगड़ी

चमकता राजस्थान

जयपुर। कांग्रेस द्वारा भाजपा कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन के नाम पर भगवान श्री कृष्ण के पोस्टर पर स्याही फेंकने की घटना की भाजपा ने निंदा करते हुए कहा कि इससे कांग्रेस की सनातन से नफरत सामने आ गई है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के इशारे पर आए कांग्रेसी गुर्गों ने नारेबाजी करते हुए जिस तरह भगवान श्री कृष्ण के चित्र पर स्याही फेंकी है, यह डोटासरा के शर्मनाक बयान के आगे की कड़ी है जिसमें उन्होंने भगवान श्री कृष्ण पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि पहले हिंदुओं के आराध्य भगवान श्री कृष्ण पर शर्मनाक टिप्पणी की फिर अपने गुर्गों के माध्यम से स्याही फेंकना यह दिखाता है कि डोटासरा के पास सनातन को अपमानित करने की पर्ची कांग्रेस आलाकमान से आई है।

उन्होंने डोटासरा से पूछा है कि वे यह बताएं कि भगवान श्री कृष्ण से इतनी ही नफरत है तो अपना नाम गोविंद से बदलकर गुलाम कब रख रहे हैं? भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी ने कहा कि विधानसभा में भी कांग्रेस नेताओं ने संत समाज पर टिप्पणी की थी बाद में डोटासरा ने भगवान श्री कृष्ण पर शर्मनाक बयान दिया और अब उनके गुर्गों का स्याही फेंकना यह जीता जागता प्रमाण है कि कांग्रेस की सनातन से नफरत है।

उन्होंने कहा कि डोटासरा को बताना चाहिए कि यह सनातन के खिलाफ बेशर्मी से एक के बाद एक कदम उठाने की सुपारी के बदले उन्हें क्या मिला है? उन्होंने कहा कि परिवार विशेष को खुश कर अपनी कुर्सी बचाने के लिए जिस निम्न स्तर पर वे उतरे हैं यह प्रदेश की परंपरा, संस्कृति और हिंदू समाज की भावनाओं को तार-तार कर रहा है।

उन्होंने कांग्रेस नेताओं को सावचेत करते हुए कहा कि इन ओछी हरकतों से बाज आए नहीं तो प्रदेश का भाजपा कार्यकर्ता और समग्र हिंदू समाज चुप नहीं बैठेगा इसका मुंह तोड़ जवाब देगा।




### आजादपुरा (चक धरसोनी) में कुश्ती दंगल का हुआ आयोजन



**चमकता राजस्थान। वैर ( राजवीर सिंह)।** उपखण्ड की ग्राम पंचायत आजादपुरा (चक धरसोनी) में कुश्ती दंगल का आयोजन पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी जिला अध्यक्ष विजेंद्र कुमार आजाद की तरफ से बड़ी धूमधाम से आयोजन किया गया। कुश्ती दंगल में कई बार पहलवानों ने अनुशासित कार्य किया गया। कमेटी की आज्ञा का अनुपालन नहीं किया गया। बार बार निवेदन करने पर कमेटी की बात को अनसुना किया गया। पहलवानों ने आजादपुरा दंगल को बाधा पहुंचाने का काम किया। कमेटी के कुछ लोग दंगल प्रांगण से छुपते नज़र आए। कुछ पहलवान लोग कमेटी के लोगो से चुप छुपकर बात करते नजर आए। दंगल आयोजनकर्ता को पहलवानों ने चारो तरफ से घेर कर रखा। दंगल में रेफ्रियों की संख्या ज्यादा होने के कारण कमेटी उचित निर्णय तक पहुंचने पर असमर्थ रही। क्षेत्रीय दंगल होने पर कमेटी के आयोजन कर्ता विजेंद्र सिंह आजाद को अनुशासनहीनता के कारण दंगल प्रेमियों का दंश झेलना पड़ा।

राज्य सभा उप निर्वाचन- 2024—

### भाजपा के प्रत्याशी रवनीत सिंह निर्वाचित घोषित



**चमकता राजस्थान/जयपुर, 27 अगस्त।** राजस्थान से राज्य सभा की एक सीट के उप निर्वाचन में मंगलवार को यहाँ विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रवनीत सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। राजस्थान विधान सभा के प्रमुख सचिव एवं निर्वाचन अधिकारी महावीर प्रसाद शर्मा ने निर्वाचित प्रत्याशी सिंह के अधिकृत निर्वाचन अभिकर्ता एवं निर्वाचित प्रत्याशी की ओर से प्रमाण-पत्र लेने के लिए अधिकृत योगेन्द्र सिंह तंवर को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस मौके पर सहायक निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार शर्मा सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## खेल सप्ताह का शुभारंभ, राजकीय महाविद्यालय बाडी में खेल सप्ताह के अंतर्गत रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

चमकता राजस्थान



**धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखण्ड की महाविद्यालय में खेल सप्ताह का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह के द्वारा की गई। जिसमें मोहित गुर्जर की टीम विजेता रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के खेल प्रभारी धर्मेंद्र मीणा एवं सहायक आचार्य केशव यादव तथा महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। ठीक इसी प्रकार राजकीय कन्या महाविद्यालय बाड़ी में खेल सप्ताह की शुरुआत की गई। जिसमें रूमाल झपट्टा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ! इस प्रतियोगिता में तीन टीमों ने भाग लिया जिसमें बीए द्वितीय सेमेस्टर की टीम विजेता घोषित हुई। इस अवसर पर डॉ. कबीर शरण, डॉ. नीतेश भारद्वाज, डॉ. परवेज आलम, डॉ. बाबर अली, डॉ. योग्यता शाक्य, डॉ. महेंद्र सिंह मीणा... आदि समस्त सहायक आचार्य मौजूद रहे।

## अजयमेरु प्रेस क्लब का स्वरांजलि कार्यक्रम सम्पन्न

# 'जिन्हें हम भूलना चाहें, वो अक्सर याद आते हैं'

### पार्श्व गायक मुकेश को दी गीतों भरी श्रद्धांजलि

चमकता राजस्थान /रघुनंदन पारीक श्रीनगर

अजमेर। अजयमेरु प्रेस क्लब के स्वरांजलि कार्यक्रम में 25 अगस्त को भारतीय फिल्म जगत के महान पार्श्व गायक मुकेश को गीतों भरी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुकेश की 48वीं पुण्यतिथि पर क्लब के सदस्यों ने मुकेश के गीतों की प्रस्तुति से समा बांध दिया।

शुरुआत हुई डॉ अशोक मित्तल द्वारा गाये ₹आ लौट के आजा मेरे मीत₹ गीत से। रामगोपाल सोनी ने मैं पल दो पल का शायर हूँ, क्लब के महासचिव सत्यनारायण जाला ने ₹एक दिन बिक जाएगा माटी के मोल₹, अरविंद शुक्ला ने झूमते अंदाज़ में तन मन धन सब है ते-रा, सैयद सलीम ने खुशी की वो रात आ गई, कृष्णगोपाल पराशर ने बरखा रानी ज़रा जम के बरसो, अनिल गुप्ता ने 'चाँद सी महबूबा हो मेरी कब ऐसा मैंने सोचा था', शरद शर्मा ने 'तुम जो हमारे मीत न होते', श्रीचंद कृपलानी ने ज्योत से ज्योत जलाते चलो, गणेश चौधरी ने 'तौबा ये मतवाली चाल', फरहाद सागर व आभा शुक्ला ने ड्यूएट गीत सावन का महीना पवन करे शोर, सूर्यप्रकाश गाँधी ने मस्ती भरे अंदाज़ में बोल राधा बोल संगम होगा के नहीं, मुकेश परिहार ने 'जिन्हें हम भूलना चाहें, अमित टण्डन ने मदभरे अंदाज़ में चल मेरे दिल लहरा के चल जैसे यादगार गीतों की प्रस्तुति से मुकेश को पुष्पांजलि दी।

वहीं क्लब अध्यक्ष राजेंद्र गुंजल ने ये मेरा दीवानापन है तथा संस्थापक अध्यक्ष डॉ रमेश अग्रवाल ने आंसू भरी हैं ये जीवन की राहें गीत सुनाए।

इसी कड़ी में प्रताप सनकत के गीत मांझी नैया ढूंढे किनारा गीत ने तालियां बटोरीं, तो रमेश सोनी के गीत दिल जलता है तो जलने दे, एबीएल माथुर के चले जाना ज़रा ठहरो किसी का दम निकलता है, फरहाद सागर के गीत मैं ना भूलूंगा, हेमंत शर्मा के चांद को क्या मालूम तथा गुरजेन्द्र सिंह विर्दी के गीत जाने कहाँ गए वो दिन को भी भरपूर सराहना मिली। इनके अलावा विशिष्ट अतिथि सावन पब्लिक स्कूल के निदेशक हरीश शर्मा द्वारा बांसुरी पर प्रस्तुत किया गया मुकेश का गीत तौबा ये मतवाली चाल आकर्षण रहा, वहीं लोक नर्तक अशोक शर्मा की टीम ने गीत बहना ओ बहना तेरी डोली मैं सजाऊंगा पर नृत्य कर कार्यक्रम को एक अलग रंग प्रदान किया। यह गीत अजयमेरु प्रेस क्लब की सांस्कृतिक आयोजन समिति के सदस्यों ने गाया।

इससे पहले पूर्व अध्यक्ष डॉ रमेश अग्रवाल , अध्यक्ष राजेन्द्र गुंजल , पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र चौहान , डॉ.अशोक मित्तल , महासचिव सत्यनारायण जाला ने मुकेश जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की । संचालन करते पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह सनकत और वरिष्ठ पत्रकार अमित टंडन ने मुकेश के जीवन से जुड़े अनेक किस्से सुना कर कार्यक्रम को रोचक बनाया। इससे पूर्व डॉ. रमेश अग्रवाल ने मुकेश के व्यक्तिव पर अपने विचार रखे और अध्यक्ष राजेंद्र गुंजल ने क्लब की गतिविधियों की जानकारी दी। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व महानगर संघचालक सुनील दत्त जैन, वरिष्ठ चिकित्सक एवं मशहूर पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. प्रमोद दाधीच, वरिष्ठ कार्डियोलोजिस्ट डॉ. विवेक माथुर और सावन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निदेशक हरीश शर्मा का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया । पूर्व जिला प्रमुख पुखराज पहाड़िया , वरिष्ठ पत्रकार एवं क्लब के पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र चौहान , सीए अजीत अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग तथा क्लब सदस्य व उनके परिजन उपस्थित थे। हमेशा की तरह सभागार खचाखच भरा था ।

## संक्षिप्त समाचार

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद संजना जाटव ने फीता काटकर किया



**चमकता राजस्थान। नदबई (राजवीर सिंह)।** कस्बे के माँ पथवारी मन्दिर पर माँ पथवारी मन्दिर सेवादल समिति के तत्वाधान में 26 अगस्त सोमवार को रात्रि 8 बजे से वार्षिक श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया। जिसमें सर्व प्रथम भरतपुर सांसद संजना जाटव के मुख्य आतिथ्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का फीता काट कर शुभारंम्भ किया गया। तत्पस्चात खाटूश्याम जगराते में बाबा के दरबार के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर जोत जलाई। सेवादल समिति ने मुख्य अतिथि सांसद संजना जाटव का माल्याअर्पण कर एवं शॉल उढ़ाकर खाटूश्याम की तशवीर भेंट कर सम्मान किया गया। उसके बाद विशिष्ट अतिथि पार्षद मनोज गोयल, हरभजन ठेकेदार, मैनेजर हरीकिशन मीणा, जयप्रकाश दीक्षित आदि का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। महोत्सव में श्रद्धालुओं ने खाटूश्यामजी के सजे भव्य दरबार के दर्शन कर मनोकामना मांगी, मथुरा से आये कलाकारों के द्वारा राधा कृष्ण, सुदामा चरित्र, शिव पार्वती, अघोरी बाबा, मन्दिर प्रांगण में लगे रंगीन फब्बारे व सजीव झाँकियों ने कस्वे व आस पास गाँव से आये सभी श्रद्धालुओं मन मोह लिया। कार्यक्रम समापन तक श्रद्धालु भारी संख्या डटे रहे,मंच से संबोधित करते हुए सांसद संजना जाटव ने क्षेत्र वसियों को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकमनाएँ दीं और कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से सद्भावना एवं शांति मिलती है, मन्दिर समिति ने मन्दिर की समस्याओं को अवगत कराया। कार्यक्रम उपरांत रात्रि 12 बजे कृष्णा जन्म पर महंत संजय शर्मा ने कान्हा जी को पंचामृत स्नान करा विधिवत पूजा अर्चना की और महाआरती कर चरणामृत प्रसादी वितरण की गयी। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद सैनी, महेश सैनी,ज्ञानी सैनी,मदन सैनी,सैनी समाज अध्यक्ष प्रेम सिंह सैनी,खटीक समाज अध्यक्ष नन्दू नैनीवाल,ब्रजेश गुर्जर, रामचरण सैनी, खेमचंद सैनी, आदि सेवादल समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### ब्रह्माकुमारीज़ राजापार्क में सजाया श्री कृष्ण की चैतन्य झाकियों का दरबार

- **अपने जीवन को श्री कृष्ण की भांति श्रेष्ठ पवित्र व निर्विकारी बनाएं : ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी**



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** जयपुर राजापार्क मैं स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के प्रांगण में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया जिसमें श्री कृष्ण के बाल रूप तथा उनके जीवन लीलाओं की चैतन्य मनोरम झाकियां सजाई गई, हरेक झांकी जीवन मूल्यों का संदेश दे रही थी। जिनको निहारने बड़ी संख्या में जयपुरवासी पहुंचे।

वही राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी ने कहा कि भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था परंतु अभी नहीं है यदि हम मनोविकारों को त्याग कर अपने जीवन को शुद्ध,पवित्र सर्व गुणों से संपन्न, सर्व शक्तियों से संपन्न बना ले तो हर बालक कृष्ण जैसा और हर बाला राधा जेसी बन जाएगी तथा फिर से इस धरा पर स्वर्ग उतर जाएगा। इसलिए इस श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर हम अपने आप से दृढ़ संकल्प करें अपने जीवन को भी श्री कृष्ण के भांति श्रेष्ठ पवित्र व निर्विकारी बनाएं तो वह दिन दूर नहीं जब भारत स्वर्णिम भारत बने उन्होंने कहा हमें शांतिदूत बन संसार में सुख शांति प्रेम खुशी बाटना हे। उन्होंने सृष्टि के आदि मध्य अंत का ज्ञान सुनते हुए बताया कि वर्तमान समय संगम युग चल रहा है ऐसे समय में परमपिता परमात्मा हमे गीता ज्ञान सुना कर राजयोग के अभ्यास द्वारा नर से नारायण व नारी से लक्ष्मी जैसा दिव्य जीवन बना रहे हैं।

# हेड कांस्टेबल आत्महत्या प्रकरण अत्यंत दुखद, एसआईटी गठित कर प्रकरण की होगी जांचः उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि हेड कांस्टेबल श्री बाबूलाल बैरवा का आत्महत्या प्रकरण एक अत्यंत दुखद घटना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ लोक हित में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस प्रकरण की त्वरित जांच के लिए एसआईटी गठन कर प्रकरण की जांच कर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

उप मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में विधायक श्री लालाराम, श्री राम अवतार, श्री राधे श्याम, श्री विक्रम बंशीवाल आदि विधायकगण तथा जयपुर पुलिस आयुक्त एवं अन्य पुलिस अधिकारियों ने पूरी संवेदनशीलता के साथ दिवंगत के परिजनों के साथ वार्ता की है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकरण में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री दिनेश एमएन के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया जाएगा। दिवंगत श्री बैरवा के पुत्र को शीघ्र ही राजकीय सेवा में अनुकंपा नियुक्ति और पुत्री को जयपुर में संविदा पर नियुक्ति दी जाएगी। मृतक की 23 वर्षीय पुत्री को पुलिस परिवार द्वारा गोद लिया जाएगा और शिक्षा से लेकर विवाह तक की जिम्मेदारी पुलिस विभाग द्वारा वहन की जाएगी। वहीं पुलिस विभाग की तरफ से स्वैच्छिक आर्थिक सहयोग की प्रक्रिया भी एक माह में पूरी कर ली जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि दिवंगत हेड कांस्टेबल के सेवा परिलाभ के 55 लाख रुपए एवं पेंशन की प्रक्रिया भी शीघ्र प्रारंभ कर दी जाएगी।

इस प्रकरण में राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारियों श्री अनिल शर्मा एवं श्री जगदीश व्यास को एपीओ किया गया है तथा उप निरीक्षक श्री आशुतोष सिंह को निलंबित किया गया है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि मृतक के परिवार ने पार्थिव शरीर का पंचनामा पोस्टमार्टम और दाह संस्कार किए जाने बाबत सहमति प्रकट की है और आज मंगलवार को ही अंतिम संस्कार किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

## ध्यानचंद जयंती खेल सप्ताह कार्यक्रम

# महाराणा प्रताप ने जीता बालक वर्ग का बास्केटबाल खिताब

## सरोजनी नायडू बनी बालिका वर्ग की चैंपियन





चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भारत के लीजेंड हॉकी खिलाडी मेजर ध्यानचन्द के जन्म दिवस पर आयोजित खेल सप्ताह में मंगलवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम में बास्केटबाल और रेसवॉक का आयोजन किया गया जबकि खो-खो स्पर्धा चौगान स्टेडियम में हुई।

राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव सोहन राम चौधरी ने बताया कि बास्केटबाल के बालको का खिताब महाराणा प्रताप ने अब्दुल कलाम को संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबले में 62-60 अंको से हराकर जीता। बालक वर्ग में 6 टीमों ने भाग लिया, जिसमें महाराणा प्रताप, अब्दुल कलाम, लाल बहादूर शास्त्री, महात्मा गॉधी, चन्द्रशेखर आजाद और लाला लाजपत राय की टीमें खेली।

जबकि बालिका वर्ग के फाइनल में सरोजनी नायडू ने रानी लक्ष्मी बाई 45-37 अंको से हराकर खिताब जीता। बालिका वर्ग में सरोजनी नायडू, रानी लक्ष्मी बाई, इंदिरा गॉधी, पार्वती, कस्तूरबा गॉधी और कमला नेहरू टीमो ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि रेस वॉक बालक वर्ग में पहले स्थान पर विष्णु, दूसरे पर सुरेन्द्र कुमार व तीसरे पर उत्तम शर्मा रहे। जबकि बालिका वर्ग में सोनल सुखवाल ने प्रथम, मनीषा ने दूसरा तथा नैन्सी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

उन्होंने बताया की चौगान स्टेडियम में खो-खो स्पर्धा का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय खो खो खिलाड़ी दौलत सिंह ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया।

बालक वर्ग में 7 टीमें एवम् बालिका वर्ग में 6 टीमों ने भाग लिया। मैचों के प्रभारी खो खो कोच महेश कुमार और बॉक्सिग कोच कृष्ण कुमार रहे।

- **परिणाम इस प्रकार रहेः-बालक वर्गः-**

**विजेता टीम-** महाराणा प्रताप क्लब, उपविजेता टीम-महाराणा सांगा क्लब।

**बालिका वर्गः-** विजेता टीम-ज्योति राव फूले क्लब, उपविजेता टीम-दुर्गा बाई क्लब।

गुरुवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम पर वॉलीबाल, फुटबाल एवं टेबल-टेनिस खेल में होगी स्पर्धाए, जबकि चौगान स्टेडियम पर वॉलीबॉल की स्पर्धा होगी।

### हैड कांस्टेबल खुदकुशी प्रकरण में सब-इंस्पेक्टर निलंबित, दो आरपीएस को किया एपीओ

- **सात मांगों पर बनी सहमति, एसआईटी करेगी मामले की जांच**

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** राजधानी के भांकरोटा थाने में तैनात हेड कॉन्स्टेबल बाबूलाल बैरवा के आत्महत्या के मामले में एएसपी जगदीश व्यास और एसीपी अनिल शर्मा को एपीओ कर दिया गया है। वहीं, एसआई आशुतोष को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं, दूसरी तरफ परिवार और सरकार के बीच सहमति बन गई है। कुल 7 शर्तें मानी गई हैं। इस संबंध में मंगलवार सुबह बाबूलाल की पत्नी, उनका बेटा और समाज के लोग सचिवालय पहुंचे। यहां एसीएस होम, डीजीपी राजस्थान सहित कई अधिकारियों की मौजूदगी में बैठक हुई।परिवार की ओर से दी गई शर्तों को सरकार ने मान लिया हैं।दरअसल, भांकरोटा थाने के मालखाने के इंचार्ज हेड कॉन्स्टेबल बाबूलाल बैरवा 1 (50) ने 20 अगस्त की सुबह करीब 11 बजे परिवार, भांक- रोटा थाना और अधिकारियों के वॉट्सऐप ग्रुप में सुसाइड नोट शेयर किया था। इसके बाद बाबूलाल की तलाश शुरू की गई थी। पता चला कि वह मुकुंदपुरा चौकी पर था। यहां शव फंदे से लटका मिला था। मृतक के पास 6 पेज का एक सुसाइड नोट मिला था। सुसाइड नोट में एएसपी जगदीश व्यास, एसीपी अनिल शर्मा, एसआई आशुतोष व पत्रकार कमल देगड़ा पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था।मृतक परिवार की तरफ से सरकार के समक्ष एसआइटी गठन के साथ ही आर्थिक मुआवजे व संविदा पर नौकरी समेत सात मांगे रखी गई जिन्हे स्वीकार कर ली गई है



- **केस की जांच एडीजी क्राइम की मॉनिटरिंग में एसआईटी करेगी**

एसआईटी गठित, कमिश्नरेट से आज लेंगे पत्रावलियां हैडकांस्टेबल की खुदकुशी प्रकरण में सरकार की तरफ से गठित एसआईटी बुधवार से काम संभालेगी। एडीजी दिनेश एमएन के निर्देश पर जयपुर पुलिस कमिश्नरेट एसआईटी को केस से जुड़ी पत्रावलिया सौपेंगी। इस एसआईटी में आईजी प्रफुल्ल कुमार, महानिरीक्षक पुलिस, सीआईडी (सीबी) जयपुर। प्रहलाद कृष्णियां, पुलिस अधीक्षक, सीआईडी (सीबी) जयपुर। सोहेल राजा, अति. पुलिस अधीक्षक, सीआईडी (सीबी) जयपुर। सीमा भारती, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सीआईडी (सीबी) अशोक कुमार, पुलिस उप अधीक्षक, सीआईडी (सीबी) जयपुर। पुरूषोत्तम महरिया, पुलिस निरीक्षक, सीआईडी (सीबी) जयपुर। विनोद कुमार मीणा, उप निरीक्षक, सीआईडी (सीबी) जयपुर होंगे

# जिले में अभय कमांड का कार्य शुरू जिसके तहत जिला मुख्यालय पर 100 स्थानों पर और ब्लॉक स्तर पर 50 स्थानों पर कैमरे स्थापित होंगे

चमकता राजस्थान

कोटपूतली-बहरोड़ (धर्मेंद्र बंसल) 27 अगस्त। अभय कमाण्ड परियोजना के तहत राज्य सरकार द्वारा नये जिलों के 100 स्थानों पर एवं जिले के उपखण्ड/पंचायत समिति/नगर परिषद/नगर पालिका में 50 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाये जाने प्रस्तावित हैंकोटपूतली-बहरोड़ मुख्यालय में 100 स्थान चिन्हित करवाये जाकर कुल 220 सीसीटीवी कैमरा लगवाये जाने का कार्य प्रक्रियाधीन है। उक्त कार्य का संपादन पुलिस विभाग एवं सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के समन्वय से मैसर्स टेक्नोसिस इन्टीग्रेटेड सॉल्यूशन प्रा. लि. द्वारा पोल व कैमरे इंस्टालेशन एवं मेसर्स सावित्री टेलिकॉम सर्विस द्वारा पोल्स/कैमरों पर इंटरनेट कनेक्टिविटि का कार्य चल रहा है। उक्त कार्य अब तक पोल लगाने हेतु 56 स्थानों पर फाऊंडेशन तैयार करवाये जाकर इन फाऊंडेशन में कुल 33 पोल लगवाये जा चुके हैं। सीसीटीवी कैमरा/पोल में इन्टरनेट कनेक्टिविटि पहुँचाने हेतु 28 स्थानों का सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है।जिले के प्रत्येक उपखण्ड, नगर पालिका व पंचायत समिति स्तर पर सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु अब तक 80 स्थानों का सर्वे कार्य हो चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है।



# संघ प्रचार और प्रदर्शन के लिए कार्य नहीं, संघ का मूल काम व्यक्ति का निर्माण हैः निम्बाराम क्षेत्र प्रचारक



चमकता राजस्थान

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ऋषि गालव भाग की ओर से जयपुर प्रांत घोष दिवस के अवसर पर ''नाद गोविंदम्'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तोपखाना संघस्थान से, पांच बत्ती, एम आई रोड, अजमेरी गेट, न्यू गेट होते हुए रामनिवास बाग स्थित अल्बर्ट हॉल तक घोष पथ संचलन निकाला। घोष वाद्य यंत्रों की स्वरलहरियों के साथ कदम से कदम मिलाते हुए पथ संचलन अल्बर्ट हॉल पहुंचा। ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथी राजस्थान संगीत संस्थान, जयपुर के डॉ विजयेन्द्र गौतम, भाग संघचालक अशोक जैन सहित क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम मुख्य वक्ता के रूप में मंच पर उपस्थित रहे। घोष स्वयंसेवकों द्वारा स्थिरवादन के तहत 22 प्रकार की रचनाओं की प्रस्तुति दी गई।

'नाद गोविंदम' कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवकों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता क्षेत्रीय प्रचारक ने कहा संघ प्रचार और प्रदर्शन के लिए कार्य नहीं करता, संघ का मूल काम व्यक्ति निर्माण का है। संघ में प्रागण्य से लेकर रणागण्य तक सब प्रकार का संगीत उसकी भिन्न-भिन्न प्रकार की रचनाएं अलग अलग वाद्य यंत्रों को लेकर के निर्माण की है, उसकी अपनी एक प्रतिष्ठा आज सम्पूर्ण समाज और देश में है । उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष में समाज को साथ लेकर चलने का आग्रह करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों की चर्चा करते हुए कहा जन्म से देवलोक गमन तक श्रीकृष्ण ने संघर्ष किया,उन संघर्षो से जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा आज समाज के सामान्य व्यक्ति को समझना होगा। आज के समय में भगवान श्रीकृष्ण के कौनसे स्वरूप कौनसे भाव की आवश्यकता है, उस मार्ग पर समाज को चलना है। उन्होंने युवाओं को मोबाइल पर समय बर्बाद करने के स्थान पर शारीरिक सौष्ठव बनाने पर ध्यान देने की बात कहते हुए संघ के पंच प्रण के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा सबकुछ संघ करेगा ऐसा नहीं है, कई ऐसी संस्थाएं जो देश के लिए कार्य कर रही है। हमें शताब्दी वर्ष में गुणवत्तापूर्ण कार्य के साथ सम्पूर्ण समाज को साथ लेकर चलना होगा।

# आखिरकार हो गया बाबू महाराज दिव्यांग पार्क का लोकार्पण

## विधायक रोहित बोहरा पर बरसी भाजपा नेत्री शर्मा

चमकता राजस्थान

**धौलपुर (रामदास तरुण) । राजाखेड़ा।** दस दिन पहले राजाखेड़ा नगरपालिका क्षेत्र में करीब 72 लाख रुपए की लागत से निर्मित बाबू महाराज दिव्यांग पार्क का लोकार्पण करने पहुंचे क्षेत्रीय विधायक रोहित बोहरा को पुलिस और प्रशासन के द्वारा बेरंग लौटाये जाने के बाद आज आखिरकार पार्क का लोकार्पण हो ही गया।आज यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने वीसी के माध्यम से वर्चुअली पार्क का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम भी वर्चुअली जुड़े। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा ने क्षेत्र के लोगों को लोकार्पण की बधाई दी और मंत्री झाबरसिंह खर्रा और जवाहर सिंह बेढम को धन्यवाद दिया! संबोधन के दौरान नीरजा शर्मा ने अपने प्रतिद्वंद्वी और क्षेत्रीय विधायक रोहित बोहरा को भी जमकर आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कल आकर उद्घाटन करने का दंभ भरने वाले नेताजी वापस क्यों नहीं लौटे? फीता काटने का शौक रखने वाले नेताजी तीन पीढ़ियों में भी राजाखेड़ा के लोगों को मूलभूत सुविधाएं क्यों नहीं दे पाए, उन्होंने कहा कि नेताजी अब सरकार बदल गई है! इसलिए अब आपकी मनमर्जी बिल्कुल भी नहीं चलेगी। अब आपके भाई से भाई को लड़ाने की और वोट पाने के लिए जातिवाद का जहर घोलने वाली राजनीति नहीं चलेगी। इस दौरान शर्मा ने विधायक पर नगरपालिका में फर्जी पट्टे जारी करवाने सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण व जमकर भ्रष्टाचार करने और अपने लोगों को नाजायज फायदा पहुंचाने का भी आरोप लगाया।




कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर, पूर्व जिला प्रमुख रामवती जाटव, केदार पोसवाल, जयवीर पोसवाल, आर के सिंह, राजाभैया, भाजपा मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा, मुकेश हनुमान, खुशी लाल सरपंच सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। इस दौरान कार्यक्रम में राजाखेड़ा एसडीएम मनीषा मीणा, नगरपालिका ईओ टिकेंद्र सिंह, विकास अधिकारी रामदीन गुर्जर, कुम्हर सिंह, कप्तान सिंह पूर्व सरपंच, रामसेवक निषाद, हरिसिंह काका, पूर्व सरपंच माधोसिंह, उदय सिंह, संजय कंषाना, मुकेशा बघेल, बनवारी सिसोदिया, अशरफी सिंह, इंद्र जाटव, कपूरचंद प्रजापति, मित्तल शुक्ला, अशरफी सिंह, एडवोकेट कुंदन सिंह सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### झुन्झुनू अल कुरैश समाज की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का हुआ ज़ोरदार आयोजन

- समाज की प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित,
- कुरैशी समाज को शिक्षा से जोड़कर मुख्य धारा में लाने का हुआ गहन चिंतन



**चमकता राजस्थान। जयपुर/ झुंझनू (खलील कुरैशी)** सामाजिक उत्थान एवं शिक्षा को प्रचार प्रसार हेतु झुंझुनूं जिले की कुरैश समाज की अग्रणी संस्था अल-कुरैश वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारियों सर्व समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में और राजस्थान मदरसा बोर्ड के चैयरमेन एम. डी. चोपदार के मेहमान ए खुशूसी में अल-कुरैश वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष अब्दुल मजीद कुरैशी के फरजंद अब्दुल अज़ीज़ कुरैशी का चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में सहायक रेडियो ग्राफर के पद पर चयन होने पर माल्यार्पण कर शॉल साफ़ा पहनाकर सम्मानित किया गया।सम्मान समारोह के विशिष्ट अतिथि मकबूल कुरैशी, हाजी शफी डूंडलोद, लियाकत खां थानेदार, व्याख्याता मुस्तफा कुरैशी, हाजी मजीद तंवर, अकादमिक अधिकारी एम रफीक खान और मोहम्मद शफी कुरैशी थे। वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नव चयनित अब्दुल अज़ीज़ को बधाई देते हुए एम डी चोबदार ने उनके दादा मकबूल का भी माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सोसायटी के मोहम्मद इदरीस, मोहसिन कुरैशी, इमरान बडगुजर, जावेद सय्यद, मेहमूद अली सय्यद, हाजी असगर, साहिल कुरैशी, मोहम्मद वसीम,बिलाल खोकर, मोहम्मद हारून के अलावा मुस्लिम समाज के हाजी आमीन खोकर, इंजीनियर मुमताज अली, डॉ जब्बार सय्यद,पार्षद जुल्फिकार खोकर, डॉ जे रहमान,खादिमखानाभाटी,जाकिरअब्बासी,असलम, हाजी जमील खां, राजू डिग्रवाल, नरेंद्र धायल, मोहम्मद रमजान, सलाम खत्री, मुन्ना खां, इंजीनियर मन्नु कुरैशी, हाजी फारुक,शौकतसय्यद,तय्यब सय्यद,एड साजिद सय्यद,एड इरशाद फारुकी ,हाजी शफी नागौरी, हाजी दाऊद तंवर,हनीफ खांभगासरा,मूलचंद मीणा, फूलचंद जाखड़, शफी,उमरदीन, मोहम्मदअली,नत्थू,लियाकतकुरैशी,हाजीहाशिमकुरैशी,इश्तियाक खान आदि गणमान्य लोग उपस्थित थेसम्मान समारोह का सफल संचालन सोसायटी सचिन डॉ उमर कुरैशी ने किया।

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जाँच, मिला उपचार



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम। 27 अगस्त।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की गई। गौरतलब है कि राज्य स्तर के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह की 09, 18 व 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जाँच व उपचार किया गया। उनके रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता युक्त प्रसव पूर्व जांच सुविधाएं देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाता है, जिससे गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने में मदद मिल सके। अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को एक स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। गर्भवती महिलाओं को रोगों, उपचार एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, जिससे बच्चे के स्वस्थ जीवन के साथ ही सुरक्षित प्रसव को सुनिश्चित किया जा सके और जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य में आने वाले जोखिम को पूर्व में पहचान कर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जा सके।

# गांव-गरीब और अंतिम छोर के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना हो सर्वोच्च प्राथमिकता : राज्यपाल

## हरिभाऊ बागडे एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शिक्षा विभाग की विशेष समीक्षा बैठक ली

चमकता राजस्थान



**विद्यालयों में चरित्र निर्माण, संस्कार और देशभक्ति की शिक्षा के साथ नैतिक मूल्य के पाठ सम्मिलित किए जाएं :- मदन दिलावर**

**जयपुर (खलील कुरैशी)**। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए राज्य में जमीनी स्तर पर प्रयास होने चाहिए। उन्होंने सभी विद्यालयों में पहली कक्षा से चरित्र निर्माण और संस्कारी नागरिक बनाने की शिक्षा देने पर जोर दिया। उन्होंने पिछड़े क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां पर राजकीय ही नहीं निजी क्षेत्र में भी स्तरीय विद्यालय खोले जाने को प्रोत्साहित किए जाने की नीति पर कार्य किए जाने का आ''ान किया। उन्होंने कहा कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता राज्य के गांव गरीब के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना होना चाहिए।उन्होंने घुमंतू परिवारों के बच्चों की शिक्षा के लिए भी प्रयास किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं के राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस क्षेत्र में निजी क्षेत्र को सहयोग के लिए प्रेरित किए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने विद्यालयों में चरित्र निर्माण, संस्कार, देशभक्ति की शिक्षा और नैतिक मूल्य के पाठ भी विशेष रूप से सम्मिलित किए जाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने स्कूलों में खेल मैदान निर्माण, बाउंड्री, सौर ऊर्जा, वृक्षारोपण आदि के लिए सभी स्तरों पर प्रयास किए जाने का आ''ान किया। राज्यपाल बागडे मंगलवार को राजभवन में शिक्षा विभाग की विशेष समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। बैठक में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि शिक्षा में संस्कार शिक्षा को राज्य में प्राथमिकता देते हुए प्रयास किया जा रहा है कि प्रदेश गुणवत्ता शिक्षा में निरंतर विकास करे। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में राज्य में किए जाने वाले विशेष प्रयासों के बारे में भी जानकारी दी राजस्थान को शिक्षा क्षेत्र में देशभर में अग्रणी किए जाने का आ''ान राज्यपाल ने प्रारंभिक, माध्यमिक शिक्षा, सर्व शिक्षा अभियान, साक्षरता और सतत शिक्षा, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल आदि के अंतर्गत राज्य में शिक्षा प्रसार के लिए हो रहे कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए राजस्थान को शिक्षा क्षेत्र में देशभर में अग्रणी किए जाने का आ''ान किया।राज्यपाल ने संस्कार शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, ग्रीन स्कूल, स्मार्ट विद्यालय आदि के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को महत्वपूर्ण बताते हुए इसके लिए और प्रभावी प्रयास किए जाने पर जोर दिया। बागडे ने शिक्षकों के प्रबोधन के लिए भी प्रभावी प्रयास किए जाने के निर्देश दिए।

- **विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का प्रशिक्षण दिया जाए**

» राज्यपाल ने कहा कि विद्यालयों में सूर्य नमस्कार बहुत उपयोगी है। इसके लिए विद्यार्थियों को समुचित प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार की विभिन्न मुद्राएं, सूर्य के विभिन्न नाम और सूर्य नमस्कार से विद्यार्थी के जीवन में होने वाले सकारात्मक प्रभाव के बारे में निरंतर बताया जाए।

## हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की

# जन्माष्टमी पर विशाल भजन संध्या

## जिला कलेक्टर डॉ भारती दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक देवेंद्र बिश्नोई ने लगाई हाजरी





चमकता राजस्थान

**अजमेर !** जन्माष्टमी के पावन पर्व पर आदर्श नगर स्थित खनिज नगर पर विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया ! भजन संध्या में भजन गायकों के मधुर भजनों पर भक्तगण भाव विभोर होकर देर रात्रि तक नाचते झूमते नजर आए। भजन संध्या में रंगबिरंगे पुष्पों के नवनाभिराम दरबार सजाया गया । भजन संध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी लड्डू गोपाल को झूला झुलाया! भजन संध्या के संयोजक मामराज सैन ने बताया कि भजन संध्या में जयपुर के विख्यात भजन गायक अभिषेक नामा एवं भीलवाडा की प्रियंका विश्वकर्मा ने भजनों की प्रस्तुति दी ! जयपुर के विख्यात भजन गायक अभिनेश नामा ने छोटी-छोटी गईया छोटे छोटे ग्वाल , हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, किशोरी कुछ ऐसा इंतजाम हो जाए मेरे सर पर रख दो बाबा अपने दोनों हाथ कीर्तन की है रात चलो बुलावा आया है गाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर होकर नाचने पर मजबूर कर दिया । भीलवाड़ा की विख्यात भजन गायिका प्रियंका विश्वकर्मा ने मोर छड़ी लहराई रे ,भेरुजी थाकी मोटी माया , सांवरिया कर दो सेटलमेंट,ऐसो चटक मटक सो ठाकुर, सुन सांवरिया भजनो पर जमकर तालियां बटोरी ।देर रात तक चली भजन संध्या में मनोकामना आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया । इस अवसर पर अतिथियों का माला , साफा, शॉल एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया !भजन संध्या में जिला कलेक्टर डॉ भारती दीक्षित जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र बिश्नोई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार विधायक अनीता भदेल सत्येन्द्र सिह नेगी समाजसेवी शिवकुमार बंसल महेश चौहान नितिन शर्मा पार्षद देवेंद्र सिंह शेखावत नरेंद्र तुनवाल सुनीता चौहान अमित सेन हेमराज सिसोदिया सुमीत सेन अमर सिंह पंवार गौरव शर्मा ललित जैन बाबूलाल अग्रवाल विनोद अग्रवाल गोपाल यादव रतन सैनआदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### जयपुर विकास प्राधिकरण ने चार स्थानों पर किया वृहद वृक्षारोपण



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 27 अगस्त।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा हरियालो राजस्थान के अंतर्गत जयपुर शहर को हरित जयपुर बनाने के उद्देश्य से आयुक्त,जयपुर विकास प्राधिकरण के निर्देशों के क्रम में स्तर पर विस्तृत रूप से पौधारोपण का कार्य प्रारंभ किया गया हैकरधनी हाथोज विस्तार योजना में पौधारोपण - इस आवासीय कॉलोनी में स्थित मुख्य मार्ग, सहायक मार्ग में स्थित सड़क मीडियम एवं ग्रीन बेल्ट का विकास करने हेतु सड़क किनारे भिन्न-भिन्न चौड़ाई की पंक्तियां एवं अन्य स्थानों में उपलब्ध भूमि पर वृक्षारोपण कार्य करवाया जा रहा है। करधनी हाथोज विस्तार योजना में सड़क किनारे एक एवं दो पंक्ति में थीम आधारित नीम,शीशम,केसिया श्यामा,गूलर, पिलखन, बड़, पीपल प्रजाति के पौधों का 6000 पौधा रोपण के लक्ष्यों के विरुद्ध अब तक 5500 पौधों का स्थानीय ग्राम पंचायत के सरपंच, जनप्रतिनिधियों एवं निवासियों की उपस्थिति में पौधरोपण किया जा चुका है। लालचंदपुरा वुडलैंड पार्क एवं निवारू रोड पौधारोपण - इस आवासीय योजना में जेडीए द्वारा स्थानीय निवासियों की सुविधा हेतु विकसित किए गए पार्क को वुडलैंड पार्क के रूप में विकसित करने हेतु आंवला,अर्जुन, चंपा, करंज, बड, पीपल प्रजाति के पौधों का पौधारोपण किया गया है। इस आवासीय रोज योजना स्कीम में ग्रीन पट्टी विकसित करने हेतु सड़क मीडियम और सड़क किनारे ग्रीन बेल्ट का विकास करने हेतु 3800 पौधों के लक्ष्यों के विरुद्ध 1100 पौधों का पौधारोपण किया जा चुका है।पी आर एन साउथ में स्थित एच टी लाईन के नीचे ग्रीन पट्टी का विकास - इस क्षेत्र में ग्रीन पट्टी का विकास करने हेतु छोटी ऊंचाई की झाड़ियां एवं मध्यम आकार तथा ऊंचाई प्रजाति के पेड़ों की 50000 की संख्या में पौधारोपण कार्य प्रारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत कनेर गुड्डी चूड़ी चंपा आदि प्रजाति की झाड़ियां एवं पौधों का रोपण किया जा रहा है। स्वर्ण जयंती पार्क विद्याधर नगर - इस पार्क में स्थानीय लोगों एवं गैर सरकारी संस्थाओं में वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से जयपुर विकास प्राधिकरण ने मंगलम सीमेंट एवं यूनिक ग्लोब डेवलपमेंट फाऊंडेशन जयपुर के सहयोग से पार्क में कुल 1100 पौधों का पौधारोपण कार्य प्रारंभ किया गया है जिसके अंतर्गत फलदार पौधा आम, जामुन, अमरूद आदि प्रजाति के पौधों का पौधारोपण प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत पौधारोपण हेतु खड्डा खुदाई का कार्य प्रारंभ करके आज 51 पौधों का पौधारोपण किया गया।

# महापौर डॉ सौम्या गुर्जर ने जोन एवं मुख्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सहायक अभियन्ताओं की ली बैठक

## सड़कों का पैचवर्क, गड्ढों को भरने, बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत करने के दिये निर्देश

चमकता राजस्थान




**आमजन की समस्याओं पर कार्ययोजना बना जल्द ही धरातल पर लाकर प्रदान की जायेगी राहत :- डॉ सौम्या गुर्जर**

**जयपुर, 27 अगस्त।** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने मंगलवार को सभी जोन एवं मुख्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सहायक अभियन्ताओं की बैठक लेकर सड़कों का पेचवर्क, गड्ढों को भरने, बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत करने तथा कार्ययोजना बनाकर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिये। बैठक में आयुक्त रूकमणि रियाड़, वित्तीय सलाहकार, उपायुक्त राजस्व प्रथम, अधीक्षण अभियन्ता भी मौजूद रहे।महापौर ने बैठक में सड़कों की मरम्मत, पेचवर्क, जलभराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित करने, सीवरेज लाइन की डिसल्टिंग करने, सीवरेज समस्या के समाधान के लिये प्लानिंग करने सहित विभिन्न बिन्दुओं पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। महापौर ने कहा कि आमजन को हर स्तर पर राहत प्रदान करने के लिये सभी अधिकारी समन्वय से कार्य करें। सीवरेज संबंधी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निस्तारण करें। जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर कार्य योजना बनाई जाये जिससे कि आगामी मानसून में इस वर्ष जैसी स्थिति पैदा ना हो महापौर ने सीवरेज की डिसल्टिंग करने तथा सीवरेज की समस्या उत्पन्न ना हो इसके लिये कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिये।

## संक्षिप्त समाचार

### खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान ने निर्देशन में अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने करी प्रभावी कार्रवाई

- बड़े स्तर पर नकली घी बनाने की फैक्ट्री पकड़ी






**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री के निर्देशों पर चलाए जा रहे शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत प्रदेशभर में लगातार कार्रवाई की जा रही है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम की टीम ने मंगलवार को जयसिंहपुरा खोर इलाके में छापा मारकर नकली देशी घी बनाने की फैक्टी पकड़ी। अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि मुखबिर से प्राप्त सूचना पर दिल्ली रोड स्थित अफजल विहार कॉलोनी में पुलिस की मदद से एक मकान पर छापा मारा गया। यहां मोहम्मद अनीस नाम के व्यक्ति द्वारा मकान में भट्टिया लगाकर वनस्पति तेलों में एसेंस मिलकर विभिन्न ब्रांड का देशी घी बनाया जा रहा था। मौके पर ढेर सारा पैकिंग मैटेरियल और पैकिंग की आधुनिक मशीनें मिलीं। सरस, महान, कृष्णा, लोटस आदि ब्रांड का घी पाउच में और पैकिंग में तैयार किया जा रहा था।घी में बदबू आ रही थी।नकली घी का निर्माण कर उसे बाजार में खपाया जा रहा था। पूछताछ करने पर अनीस ने बताया कि दिल्ली से पैकिंग मैटेरियल लाता है और नकली घी पैक कर जयपुर और आसपास के शहरों में सप्लाई कर देता है। मौके पर विभिन्न ब्रांडों का 1000 लीटर नकली घी पाया गया, जिसका सैंपल लेकर सीज किया गया।

# जयपुर सहित छः जिलों के लिए खूशी के संकेत

# मुख्य पेयजल आपूर्ति स्रोत बीसलपुर बांध छलकने को आतुर

## बांध का जल स्तर पहुंचा 314.20 मीटर, भराव क्षमता 315.50 मीटर

### अजमेर, जयपुर व टोंक, सहित अन्य जिलों की एक करोड़ आबादी की बुझाता है प्यास

### बांध के आसपास क्षेत्र में बाढ़ की संभावनाएं, प्रशासन हुआ अलर्ट

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** बरसात के मौसम में बीसलपुर बांध में पानी की आवक लगातार जारी रहने से बांध अब छलकने को आतुर है। अजमेर सहित जयपुर व टोंक जिलों की प्यास बुझाने वाले बीसलपुर बांध का जलस्तर मंगलवार को सुबह तक 314.20 आरएल मीटर हो गया है, जबकि बांध में पानी की आवक अभी भी जारी है। बांध की भराव क्षमता 315.50 मीटर है। गत वर्ष के मुकाबले ज्यादा पानी आ जाने से करीब एक करोड़ आबादी की प्यास बुझाई जा सकेगी। सिंचाई विभाग के अधिकारी बांध में पानी की आवक पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। वहीं बांध के आसपास क्षेत्र में बाढ़ की संभावनाओं के मद्देनजर जिला प्रशासन पुरी तरह से अलर्ट मोड़ पर है। बीसलपुर बांध से जुड़े इंजीनियर अधिशासी अभियंता मनीष बंसल ने बताया कि अजमेर की लाइफ लाइन बीसलपुर बांध में मंगलवार को पानी की आवक बढ़कर 314.20 आरएल मीटर से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि बनास, मेनाली और कोठारी नदी के त्रिवेणी पर अभी भी 3.40 मीटर का प्रवाह बना हुआ है, ऐसे में बांध का जलस्तर और तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार बांध ओवरफ्लो होकर छलक जाएगा। बीसलपुर बांध 212 स्क्वायर किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। बांध में अभी तक 78 प्रतिशत पानी एकत्रित हो चुका है।

### अब तक छ बार छलक चुका है बीसलपुर बांध


बीसलपुर बांध से जुड़े अधिशासी अभियंता बंसल ने बताया कि केकड़ी में जब बांध का निर्माण हुआ है, तब से बांध अब तक 6 बार ओवरफ्लो होकर छलक चुका है। वर्ष 2004 में पहली बार पूरी क्षमता से भर था, इसके बाद 2006, 2014, 2016, 2019 और 2022 में भी बांध ओवरफ्लो हुआ था। वर्ष 2019 में बांध में क्षमता से अधिक पानी आने के कारण सबसे ज्यादा 18 गेट खोलकर पानी की निकासी की गई थी।

बांध के ओवरफ्लो से प्रभावित आसपास क्षेत्रों में प्रशासन अलर्ट मोड़ पर, बांध में बढ़ते जलस्तर को लेकर केकड़ी जिले के क्षेत्रों में बाढ़ की संभावनाएं के मद्देनजर स्थानीय प्रशासन और जल संसाधन विभाग अलर्ट हो गया है। प्रशासन के अधिकारी हर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं ताकि बांध के ओवरफ्लो होने पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। इस बार बांध का सातवीं बार ओवरफ्लो होना संभावित है। इसके प्रभाव से निपटने के लिए प्रशासन ने पहले से ही तैयार कर ली है। स्थानीय निवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। वहीं संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन अलर्ट मोड़ पर

### बीसलपुर बांध में पानी का मुख्य आवक स्त्रोत त्रिवेणीः

इंजीनियर बंसल ने बताया कि बीसलपुर बांध का कैचमेंट एरिया छह जिलों में आता है, जिसमें भीलवाड़ा का 51 प्रतिशत, चित्तौड़गढ़ का 17, उदयपुर का 6, अजमेर का 15, टोंक का 2 और प्रतापगढ़ का एक प्रतिशत क्षेत्र है। चित्तौड़गढ़ में गंभीर डैम से पानी की निकासी के बाद उसका पानी भी बीसलपुर बांध में आता है, वह गंभीर डैम में पानी की आवक मध्यप्रदेश से होती है। बांध में पानी की मुख्य आवक का स्त्रोत प्रसिद्ध मेनाल झरना भी है, जिसका पानी गोवटा बांध में आता है। गोवटा बांध के ओवरफ्लो होने के बाद पानी मेनाली नदी में मिलकर त्रिवेणी तक पहुंचता है। त्रिवेणी में बनास, बेड़च एवं मेनाली नदी मिलकर त्रिवेणी संगम बनाती है। त्रिवेणी नदी से आगे पानी बनास नदी के रूप में बहता है जिसमें कोठारी नदी, ऊवली नदी, नगदी नदी सहित अन्य छोटी सहायक नदियां मिलती है और बनास नदी का यह पानी बीसलपुर बांध तक पहुंचता है। इसीलिए बीसलपुर बांध में पानी की मुख्य आवक का उद्गम स्त्रोत त्रिवेणी को माना गया है।

बिसलपुर बांध का पर्यटन और पुरातात्विक धार्मिक महत्व भी बीसलपुर बांध से जयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, टोंक, ब्यावर और केकड़ी जिलों की करीब एक करोड़ से अधिक की आबादी की प्यास बुझाई जाती है। बीसलपुर बांध मानसून के समय में एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन जाता है। जब बांध के गेट खोले जाते हैं और पानी का प्रवाह तेज होता है, तो यह दृश्य देखने के लिए दूर-दूर से आते हैं। बांध के समीप स्थित गोकर्णेश्वर महादेव मंदिर भी एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में आते हैं। यह माना जाता है कि यहां रावण ने तपस्या की थी, जिससे इस मंदिर का विशेष महत्व है।



# पीएम मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से की फोन पर बात

# कहा - संघर्ष के शीघ्र, स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन के लिए भारत प्रतिबद्धता



नयी दिल्ली/एजेंसी

पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से फोन पर बातचीत की। पीएम मोदी ने हाल के पोलैंड और यूक्रेन दौरे से वापस लौटने के बाद रूसी राष्ट्रपति से बातचीत को काफी अहम माना जा रहा है। रूसी राष्ट्रपति से बातचीत की जानकारी पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिये ट्वीट कर दी।

### यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर जोर

पीएम मोदी ने लिखा कि आज राष्ट्रपति पुतिन से बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति के सात विशेष और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने आगे कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष और यूक्रेन की हाल की यात्रा से प्राप्त पर्सपेक्टिव पर विचारों का आदान-प्रदान किया। पीएम मोदी ने लिखा कि संघर्ष के शीघ्र, स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करने के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। इससे पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति ने रूस के साथ शांति से जुड़ी वार्ता को लेकर भारत का नाम लिया था।





### यूक्रेन यात्रा को बताया था ऐतिहासिक

» प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पोलैंड और यूक्रेन की अपनी दो देशों की यात्रा पूरी करने के बाद 24 अगस्त को स्वदेश लौटे थे। यूक्रेन यात्रा को लेकर पीएम मोदी ने कहा था कि यूक्रेन की मेरी यात्रा ऐतिहासिक थी। मैं भारत–यूक्रेन मित्रता को और प्रगाढ़ बनाने के उद्देश्य से इस महान देश में आया था। मोदी ने कहा था कि राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ मेरी बातचीत सार्थक रही। भारत का दृढ़ विश्वास है कि शांति हमेशा बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा था कि मैं यूक्रेन की सरकार और लोगों को उनके आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं।


## संक्षिप्त खबरें

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए बेयरस्टो, मोईन इंग्लैंड की टीम से बाहर




**लंदन।** इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए जॉनी बेयरस्टो, मोइन अली और क्रिस जॉर्डन को अपनी व्हाइट-बॉल टीम से बाहर कर दिया है। ये तीनों हाल ही में टी20 विश्व कप में सेटअप का हिस्सा थे, जहां इंग्लैंड सेमीफाइनल में भारत से हार गया था। इनके बाहर होने से टी20कटीम में पांच अनकैप्ड खिलाड़ियों जॉर्डन कॉक्स, जैकब बेथेल, डैन मूसली, जोश हल और जॉन टर्नर को जगह मिली है, इन सभी ने घरेलू सर्किट में विभिन्न स्तरों पर प्रभावित किया है। इंग्लैंड के नियमित व्हाइट-बॉल कप्तान जोस बटलर और प्रीमियर पेसर जोफ्रा आर्चर भी एक्शन में वापस आएंगे। बटलर कॉल्फ की चोट से पूरी तरह से उबर चुके हैं, जिसके कारण वे द हंड्रेड के पूरे सत्र से बाहर रहे, जबकि आर्चर, जिनके कार्यभार पर सदर्न ब्रेव के लिए नजर रखी गई थी, मार्च 2023 के बाद से अपना पहला वनडे खेलने के लिए तैयार हैं। कॉक्स का चयन सबसे ज्यादा पूवार्नुमानित था, क्योंकि विकेटकीपर बल्लेबाज की गतिशीलता शीर्ष क्रम में है। वह इंग्लैंड के घरेलू व्हाइट-बॉल टूनामेंट में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं, चाहे वह टी20 ब्लास्ट हो या द हंड्रेड। जोश हल का बाएं हाथ का कोण और हिट-द-डेक क्षमता उन्हें एक एक्स-फैक्टर बनाती है जबकि जॉन टर्नर ने द हंड्रेड के दौरान अपनी गति और जोश से सभी को प्रभावित किया।

### इंग्लैंड के पूर्व फुटबॉल कोच स्वेन-गोरान एरिक्सन का 76 वर्ष की आयु में निधन



**स्टॉकहोम।** स्वीडिश फुटबॉल मैनेजर स्वेन-गोरान एरिक्सन, जिन्होंने 2001 से 2006 तक इंग्लैंड को कोचिंग दी थी, का सोमवार को 76 वर्ष की आयु में अग्नाशय के कैंसर से निधन हो गया। जनवरी में, एरिक्सन ने खुलासा किया कि वह घातक कैंसर से पीड़ित हैं और उनके पास जीने के लिए अधिक से अधिक एक साल है। एरिक्सन ने 2001 में इतिहास रचा था जब उन्होंने केविन कीगन की जगह ली और इंग्लैंड टीम की कमान संभालने वाले पहले विदेशी कोच बने और उन्होंने 2002 और 2006 में दो विश्व कप फाइनल चरणों में टीम का नेतृत्व किया, जिसमें सितंबर 2001 में जर्मनी के खिलाफ 5-1 की ऐतिहासिक जीत शामिल थी, जिससे वह बहुत लोकप्रिय व्यक्ति बन गए। फुटबॉल जगत ने उनके निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। कई प्रसिद्ध फुटबॉल क्लबों, खिलाड़ियों और पत्रकारों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शोक संवेदनाएं पोस्ट की हैं। यूरोपीय फुटबॉल की शासी संस्था यूईएफए ने एक्स पर कहा यूरोपीय फुटबॉल समुदाय की ओर से, यूईएफए में हर कोई स्वेन-गोरान एरिक्सन के निधन के बारे में जानकर बहुत दुखी है।

### पहले दौर में हारकर बाहर हुए सुमित नागल



**नई दिल्ली।** पुरुष एकल वर्ग में भारत के सर्वोच्च वरीयता प्राप्त पुरुष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल मंगलवार को नीदरलैंड के टैलोन ग्रीक्सपूर से हारकर यूएस ओपन से बाहर हो गए हैं। नागल को अपने से कहीं बेहतर रैंकिंग वाले एथलीट के खिलाफ सीधे सेटों में 6-1, 6-3, 7-6 से हार का सामना करना पड़ा। पहले सेट में डच खिलाड़ी ने पूरी तरह दबदबा बनाया और नागल की सर्विस कई बार तोड़ी और 6-1 से जीत दर्ज की। दुनिया में 40वें नंबर के ग्रिक्सपूर किसी भी तरह से एक्सीलेटर से अपना पैर हटाने के मूड में नहीं थे और उन्होंने भारतीय खिलाड़ी को बैकफुट पर ही रखा। दूसरे सेट में नागल ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन ग्रिक्सपूर को रोकने के लिए यह काफी नहीं था और नागल दूसरा सेट भी 6-3 से हार गए। जल्दी बाहर होने की आशंका के चलते नागल ने तीसरे सेट में अपना स्तर बढ़ाया और सात अंकों के टाई-ब्रेकर में दो सेट प्वाइंट हासिल किया।

# महिला टी20 : हरमनप्रीत के नेतृत्व में भारतीय टीम घोषित




**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को यूएई में होने वाले महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए 15 खिलाड़ियों की भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। हरमनप्रीत कौर को कप्तान बनाया गया है, जबकि स्मृति मंधाना को उप कप्तान चुना गया है। विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया और ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल को भी फिटनेस के आधार पर टीम में शामिल किया गया।

टूर्नामेंट 3 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक दुबई और शारजाह में खेला जाएगा। 23 मैचों के इस आयोजन में दुनिया की शीर्ष 10 महिला टीमें शामिल होंगी, जिन्हें पांच-पांच के दो समूहों में विभाजित किया गया है। ग्रुप ए में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, भारत, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और श्रीलंका शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्ट इंडीज और स्कॉटलैंड शामिल हैं। प्रत्येक टीम चार ग्रुप मैच खेलेगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। भारत अपने अभियान की शुरूआत न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगा। वीमेन इन ब्लू को दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अभ्यास मैच भी खेलने हैं।

**महिला टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम :-**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी , रेणुका सिंह ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, संजना सजीवन।

**ट्रैवलिंग रिजर्व :** उमा छेत्री (विकेटकीपर), तनुजा कंवर, साइमा ठाकोर।

**गैर-यात्रा आरक्षित :** राघवी बिस्ट, प्रिया मिश्रा।

# आईसीसी : भारत-पाकिस्तान का मुकाबला दुबई में




**दुबई। एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार रात आगामी महिला टी-20 विश्व कप के लिए संशोधित कार्यक्रम घोषित कर दिए हैं। दुबई 6 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले और 20 अक्टूबर को 18 दिवसीय टूर्नामेंट के फाइनल की मेजबानी भी करेगा। बांग्लादेश के लिए चल रहे राजनीतिक संकट के कारण टूर्नामेंट की मेजबानी करना असंभव हो गया था, जिसके बाद टूर्नामेंट को यूएई में स्थानांतरित कर दिया गया था।

अन्य मेजबान शहर शारजाह 13 अक्टूबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच महत्वपूर्ण मुकाबले की मेजबानी करेगा, यह एकमात्र लीग मैच है जिसे हरमनप्रीत कौर की टीम दुबई से बाहर खेलेगी। शारजाह 18 अक्टूबर को दूसरे सेमीफाइनल की मेजबानी भी करेगा। अगर भारत क्वालीफाई करता है, तो वे 17 अक्टूबर को दुबई में पहला सेमीफाइनल खेलेंगे। समूह पहले की तरह ही बने हुए हैं, जिसमें छह बार के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका ग्रुप ए में हैं। दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और स्कॉटलैंड को ग्रुप बी में रखा गया है। प्रत्येक टीम चार ग्रुप मैच खेलेगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। आईसीसी ने कहा कि सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए एक रिजर्व दिन तय किया गया है। टूर्नामेंट से पहले 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक 10 अभ्यास मैच आयोजित किए जाएंगे।

## दलीप ट्रॉफी : सिराज, जडेजा पहले दौर के लिए इंडिया बी टीम से बाहर



**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को दलीप ट्रॉफी के लिए इंडिया बी टीम से रिलीज कर दिया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को उक्त घोषणा की। सिराज बीमारी के कारण पहले दौर में नहीं खेलेंगे। तेज गेंदबाज उमरान मलिक, जो इंडिया सी का हिस्सा थे, भी एक्शन में नहीं होंगे। उनके प्रतिस्थापन के रूप में क्रमशः नवदीप सैनी और गौरव यादव को नामित किया गया है।

जडेजा के नहीं खेलने का कारण नहीं बताया गया है। भारत के व्यस्त टेस्ट कैलेंडर से पहले मैच अभ्यास देने की उम्मीद के साथ शुभमन गिल और यशस्वी जयसवाल समेत कई भारतीय खिलाड़ियों को टूनामेंट में शामिल किया गया था। भारत अन्य पांच मैचों के लिए नवंबर में ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर पांच टेस्ट मैच खेलेगा। टूनामेंट 5 सितंबर, 2024 से अनंतपुर, आंध्र प्रदेश और बेंगलुरु में शुरू होने वाला है।

**दलीप ट्रॉफी के लिए अपडेटेड टीमः-**

भारत एः शुभमन गिल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएल राहुल, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, तनुश कोटियन, कुलदीप यादव, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, आवेश खान, विदवथ कावेरप्पा , कुमार कुशाग्र, शास्वत रावत।

**भारत बी :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), मुशीर खान, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, नवदीप सैनी, यश दयाल, मुकेश कुमार, राहुल चाहर, आर साई किशोर, मोहित अवस्थी , एन जगदीसन (डब्ल्यूके)।

**भारत सी :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, बी इंद्रजीत, रितिक शौकीन, मानव सुथार, गौरव यादव, विशाक विजयकुमार, अंशुल खंबोज, हिमांशु चौहान, मयंक मारकंडे, आर्यन जुयाल (डब्ल्यूके), संदीप वारियर।

**भारत डीः** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अथर्व तायडे, यश दुबे, देवदत्त पडिक्कल, इशान किशन (विकेटकीपर), रिकी भुई, सारांश जैन, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, आदित्य ठाकरे, हर्षित राणा, तुषार देशपांडे, आकाश सेनगुप्ता, केएस भरत (डब्ल्यूके),सौरभ कुमार।

# मंधाना ने एडिलेड स्ट्राइकर्स के साथ प्री-ड्राफ्ट विदेशी अनुबंध पर किया हस्ताक्षर



**नई दिल्ली। एजेंसी**

**मैं हमेशा ऑस्ट्रेलिया में खेलने के लिए उत्सुक रहती हूं : मंधाना**




स्मृति मंधाना महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) प्री-ड्राफ्ट विदेशी अनुबंध पर हस्ताक्षर करने वाली पहली भारतीय बन गई हैं और आगामी सत्र के लिए मौजूदा चैंपियन एडिलेड स्ट्राइकर्स में शामिल होंगी। स्ट्राइकर्स चौथी टीम होगी जिसका प्रतिनिधित्व मंधाना प्रतियोगिता के 10 साल के इतिहास में करेंगी। बाएं हाथ की यह खिलाड़ी इससे पहले ब्रिसबेन हीट (2016-17), होबार्ट हरिकेंस (2018-19) और सिडनी थंडर (2021) के लिए खेल चुकी हैं। भारतीय उप-कप्तान ने कार्यभार प्रबंधन के कारण डब्ल्यूबीबीएल 2022 से बाहर होने का विकल्प चुना था और फिर 2023 संस्करण से पहले उद्घाटन खिलाड़ी के मसौदे से बाहर होकर भारत के घरेलू सत्र में भाग लेने का विकल्प चुना था। एलिस पेरी के बाद दो राचेल हेहो-फ्लिंट पुरस्कार जीतने वाली केवल दूसरी खिलाड़ी, मंधाना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच ल्यूक विलियम्स के साथ फिर से जुड़ेंगी। इस जोड़ी ने अपने उद्घाटन वर्ष में पांच टीमों के टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर रहने के बाद आरसीबी को डब्ल्यूपीएल 2024 के खिताब तक पहुंचाया। मंधाना ने एक बयान में कहा मैं हमेशा ऑस्ट्रेलिया में खेलने के लिए उत्सुक रहती हूं और स्ट्राइकर्स जैसी सफलता के इतिहास वाली टीम में योगदान देने के अवसर को लेकर उत्साहित हूं। मैं ल्यूक के साथ काम करना जारी रखने के लिए रोमांचित हूं। हमारे पिछले अनुभव एक साथ बहुत फायदेमंद रहे हैं और मैं इसे और आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं।

डब्ल्यूपीएल के अलावा, मंधाना और विलियम्स ने पहले भी द हंड्रेड में सदर्न ब्रेव में एक साथ काम किया है। विलियम्स ने कहा स्मृति एक असाधारण प्रतिभा है और हम स्ट्राइकर्स में उसका स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। उसका तकनीकी कौशल, अनुभव और रणनीतिक अंतर्दृष्टि हमारे लिए एक जबरदस्त संपत्ति है। मैं टीम और मैदान पर उनके समर्पण और ऊर्जा को अच्छी तरह से जानता हूँ। आगामी सत्र में सफलता के लिए उनकी विशेषज्ञता और नेतृत्व अमूल्य होगा। स्ट्राइकर्स 27 अक्टूबर को डब्ल्यूबीबीएल 2024 के कर्टेन रेजर में ब्रिसबेन हीट की मेजबानी करेंगे। मंधाना के अलावा, भारत की हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा 1 सितंबर को होने वाले आगामी डब्ल्यूबीबीएल ड्राफ्ट के लिए पहले नामांकन में शामिल हैं।

## वाणिज्य

# सपाट स्तर पर बंद हुआ शेयर बाजार निवेशकों ने कमाए 82 हजार करोड़ रुपये



**नई दिल्ली। एजेंसी**

सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। कारोबार की शुरूआत तेजी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार लुढ़क कर लाल निशान पर पहुंच गया लेकिन खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर शेयर बाजार की चाल तेज हुई। निफ्टी अपने ऑल टाइम हाई लेवल के काफी करीब पहुंचने के बाद गिरावट का शिकार हो गया।

पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत और निफ्टी 0.03 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के दौरान टेलीकॉम, आईटी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। इसी तरह केमिकल, फार्मास्यूटिकल और रियल्टी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर एनर्जी, एफएमसीजी, मेटल और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा।

ब्रॉडर मार्केट में भी खरीदारी का जोर बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.58 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ के कारोबार का अंत किया। छोटे और मझोले शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई।

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 463.11 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 462.29 लाख करोड़ रुपये था।


# सोने में सपाट कारोबार चांदी में मामूली गिरावट



**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू सर्राफा बाजार में सोना बिना किसी बदलाव के कारोबार कर रहा है, जबकि चांदी के भाव में मामूली कमजोरी नजर आ रही है। भाव में बदलाव नहीं होने की वजह से देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में भी 24 कैरेट सोना 73,180 रुपये से लेकर 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 67,090 रुपये से लेकर 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में मामूली गिरावट आई है। कीमत में आई इस गिरावट की वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 87,800 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 73,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,090 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत एशिया में मिला-जुला कारोबार



**नई दिल्ली। एजेंसी**

ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार करके बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स में आज फिलहाल गिरावट नजर आ रही है। इसी तरह यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में आमतौर पर दबाव की स्थिति बनी हुई है।

अमेरिका में पिछले सत्र के दौरान डाउ जॉन्स रिकॉर्ड हाई पर बंद होने में सफल रहा था। ये सूचकांक 65 अंक की मजबूती के साथ 41,240 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.32 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 5,616.84 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसी तरह नैस्डेक 152.03 अंक यानी 0.85 प्रतिशत टूट कर 17,225.76 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 41,200.87 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार के सूचकांक भी पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। सीएसी इंडेक्स 0.18 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,590.37 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, डीएएक्स इंडेक्स ने 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,617.02 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं एफटीएसई इंडेक्स में पिछले सत्र के दौरान कोई कारोबार नहीं हुआ। एशियाई बाजारों में आमतौर पर बिकवाली का दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 7 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं।


# जयपुर विकास प्राधिकरण ने मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन अधिकारी महेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देशन में नवीन अवैध कॉलोनियों पर चलाया पीला पंजा

## 18 बीघा भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी 'भैरव सिटी' सहित पॉच अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

चमकता राजस्थान









**जयपुर! (खलील कुरैशी) 27 अगस्त।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-14 में निजी खातेदारी करीब 18 बीघा कृषि भूमि पर 05 नवीन अवैध कॉलोनियां का प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम वाटिका निमड़ी की ढ़ाणी की तरफ जाने वाली रोड़, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि परजेडीएकीबिनास्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम रामसिंहपुरा मंगलम- सिटी के पास, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि परजेडीएकीबिनास्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।उन्होंने बताया कि जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम कुम्हारियाबास, पोद्दार कॉलेज के सामने जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''भैरव सिटी'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम खेतापुरा से तीतरियां रोड़ पर, ईट भट्टे वाली रोड़ की तरफ जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''भैरव सिटी-16'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।इसी प्रकार जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम नांगलपुरन तहसील चाकसू बाड़ापदमपुरा के पास, जिला जयपुर में करीब 07 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यशाला कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने लिया भाग

- **राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती एवं हुसैन खान ने कि राजस्थान का प्रतिनिधित्व**



**चमकता राजस्थान। जयपुर/ दिल्ली!( खलील कुरैशी)** नई दिल्ली भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय मे ₹भाजपा सदस्यता अभियान 2024₹ की अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यशाला मे भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खान ने भाग लेकर प्रदेश भाजपा का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रीय कार्यशाला कार्यक्रम में आयोजित बैठक मे केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलात मंत्री किरन रिजिजू ,राष्ट्रीय महामंत्री व मोर्चा प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम अल्पसंख्यक मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दिकी सभी महानुभावो का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।आगामी सदस्यता अभियान हेतु अल्पसंख्यक मोर्चा की भूमिका पर विस्तार चर्चा हुई। और प्रदेश मोर्चा द्वारा किए गए कार्यकमों की रिपोर्ट पेश की।

### जयपुर में गुरुवार से दो दिवसीय स्टेट लेवल पुलिस ऑफिसर्स कांफ्रेंस

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आरआईसी में करेंगे शुभारम्भ**
- **'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस-द वे फॉरवर्ड' पर होंगे 'ब्रेन स्टॉर्मिंग' सेशंस**

**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 27 अगस्त।** प्रदेश में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और जनसुरक्षा से जुड़े सरोकारों पर राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारी राजधानी में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में गुरुवार से आयोजित होने वाली दो दिवसीय स्टेट लेवल पुलिस ऑफिसर्स कांफ्रेंस में चिंतन-मनन करते हुए बेहतर पुलिसिंग का रोडमैप तैयार करेंगे। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने बताया जयपुर में इस साल की शुरूआत में जनवरी माह में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुए राष्ट्रीय स्तर की डीजीपी-आईजी सम्मेलन में लिए गए निर्णय के क्रम में इस कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस-द वे फॉरवर्ड' के विषय पर आयोजित इस विशेष कांफ्रेंस का शुभारम्भ करेंगे। उद्घाटन सत्र में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, राज्य के मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत और अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) श्री आनंद कुमार सहित राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे। डीजीपी साहू ने बताया कि कांफ्रेंस में दो दिन की अवधि में राज्य में बेहतर पुलिसिंग पर केन्द्रित मुद्दों पर राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और विषय विशेषज्ञ अलग-अलग सेशंस में अपना प्रस्तुतीकरण देंगे। इन सत्रों में राज्य के एडीजी, रेंज आईजी एवं डीआईजी के अलावा चयनित एसपी, एडिशनल एसपी, डीएसपी और निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी आनॅलाइन और ऑफलाइन मोड में 'ब्रेन स्टॉर्मिंग' करेंगे। डीजीपी ने बताया कि कांफ्रेंस में न्यू क्रिमिनल लॉज, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस टूल्स, मादक पदार्थों की तस्करी और रोकथाम, साइबर सिक्योरिटी, क्राइम कंट्रोल, परीक्षाओं में नकल पर लगाम, महिला अपराध, बच्चों और कमजोर तबके के लोगों के विरुद्ध अपराध पर नियंत्रण, रोड सेफ्टी एवं ट्रैफिक मैनेजमेंट तथा आंतरिक सुरक्षा जैसे विषयों पर मंथन किया जाएगा।

# समय सिंह हत्या कांड का चौथा आरोपी रामकेश गुर्जर गिरफ्तार

## हत्या के बाद पहचान छुपा कर मुंबई रह रहा था

चमकता राजस्थान



**जयपुर/करौली! (खलील कुरैशी) 27 अगस्त।** करौली जिले में थाना सदर इलाके के भगतपुरा गांव में केस वापस लेने की धमकी देकर लाठी डंडों से मारपीट कर समय सिंह की हत्या के मामले में पुलिस ने चौथे आरोपी रामकेश गुर्जर पुत्र भीमराज गुर्जर (19) निवासी भगतपुरा (थाना सदर, करौली) को गिरफ्तार कर लिया हैएसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि 13 अगस्त को घटना के सम्बंध में विमला जाटव (49) निवासी भगतपुरा (गुडला) थाना सदर ने रिपोर्ट दी कि कल शाम 4-5 बजे के करीब वह घर पर घरेलू काम कर रही थी। इतने में बहादुर, हरकेश पुत्र राय सिंह, पिन्टू, लोकेश, रामकेश पुत्र भीम राज, लवकुश पुत्र बहादुर, रामलखन पुत्र श्रीफल, रामनिरी पत्नी भीमराज, पानों पत्नी बहादुर, रीता पत्नी पिन्टू निवासी भगतपुरा एक राय होकर हाथों में लाठिया लेकर घर के अन्दर मां बहिन एवं जाति सूचक गालियां देते हुये घुस आये। हमले में घायल उसके पति समय सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान सीओ अनुज शुभम को सुपुर्द किया गया।एसपी उपाध्याय ने बताया कि समय सिंह जाटव हत्याकांड मे शव को लेकर लगातार 2 दिन तक चले धरना प्रदर्शन के मद्देनजर कानून व्यवस्था के बिगड़ते हालात को ध्यान में रखते हुये आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सीओ अनुज शुभम के सुपरविजन मे टीमें गठित की जाकर मुल्जिमों के यथासंभव छिपने के ठिकानो पर लगातार दबिश की गई।आसूचना व कॉल डिटेल के आधार पर पूर्व में पुलिस ने तीन आरोपियों पिंटू उर्फ वीरेंद्र गुर्जर (26), रामजीत गुर्जर (19) एवं बहादुर गुर्जर (45) निवासी भगतपुरा गुडला को गिरफ्तार किया था। आरोपी रामकेश गुर्जर घटना के बाद अपनी पहचान छुपा कर मुंबई की तरफ निकल गया। आसूचना एवं तकनीकी सहायता से इसके मुंबई होने की सूचना मिलने पर टीम को रवाना किया गया।शातिर आरोपी रामकेश पुलिस टीम को चकमा देकर मुंबई से भी फरार हो गया। जिसे मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर टीम ने राजपुर रोड गदका की चौकी करौली से गिरफ्तार कर लिया है। मुल्जिम से अन्य मुल्जिमों के बारे में गहनता से पूछताछ जारी है। अन्य वांछित आरोपियों की दस्तयाबी के लिए गठित टीमों द्वारा लगातार दबिश दी जा रही है।

### जिला स्तरीय रंगोउत्सव प्रतियोगिता का हुआ मॉडल स्कूल करौली मे आयोजन




**चमकता राजस्थान। करौली।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आदेशानुसार जिला स्तरीय रंगोत्सव प्रतियोगिता का आयोजन आज स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली में हुआ। शिक्षकों के लिए आयोजित इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में राजकीय शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भाग लिया। छः अलग-अलग विधाएं जिनमें गायन,बादन,अध्यापन एवं अधिगम सामग्री निर्माण प्रमुख थी। इन अध्यापको ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि मुक्त जिला शिक्षा अधिकारी करौली इंद्रेश कुमार तिवाडी,विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान डाइट प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र कुमार शर्मा रहे।कार्यक्रम के प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार मीणा की उपस्थित रही।कार्यक्रम का उद्घाटन मां शारदे के चित्रपट पर दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ हुआ।और लोक एवं शास्त्रीय प्रतियोगिता आयोजित हुई।जिसमें शिक्षकों ने संगीत के रंग बिखेरे कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका के रूप में सुरेंद्र कुमार शुक्ला व्याख्याता,हरि चरण मीणा व्याख्याता,परशुराम मीणा व्याख्याता,अशोक कुमार मीणा(संगीत अध्यापक केंद्रीय विद्यालय करौली),मनोज कुमार मीणा (व०अ०) और मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य गोविंद साहाय प्रजापत ने निभाई। प्रतियोगिता के दौरान आयोजित हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के समेकित परिणाम इस प्रकार रहेः- संगीत गायन शास्त्रीय में प्रथम स्थान पर दिनेश सिंह राघव मॉडल स्कूल करौली,पारंपरिक लोक संगीत गायन में मीना राजश्री मॉडल स्कूल करौली,शास्त्रीय वादन संगीत में परशुराम मीणा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लीलाटी, पारंपरिक लोक संगीत गायन में हरीचरण मीणा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिंघानिया, शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण में राजेश कुमार मीणा स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल ब्लॉक करौली,अध्यापन प्रतियोगिता में अमित कुमार शर्मा मॉडल स्कूल करौली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।इन छः विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त अध्यापक राज्य स्तर पर अब जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## बैठक में 184 करोड राशि के कार्य किये स्वीकृत

# जयपुर विकास प्राधिकरण पीडब्ल्यूसी की महत्वपूर्ण बैठक हुई आयोजित

## सडक निर्माण के साथ-साथ ड्रेनेज की प्लानिंग की जायेगी: जेडीसी

चमकता राजस्थान




जयपुर,!(खलील कुरैशी) 27 अगस्त। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर शहर के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न विकास कार्य करवाये जा रहे है।जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में मंगलवार को जेडीए के मंथन सभागार में पीडब्ल्यूसी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 184 करोड रूपये स्वीकृत किये गये, जिससे जयपुर शहर के विकास को गति मिलेगी। जेडीसी ने अभियंताओं को सडक निर्माण के साथ-साथ ड्रेनेज की प्लानिंग किये जाने के निर्देश दिये। जिससे सडके वर्षा के दौरान क्षतिग्रस्त नहीं हो सकेगी।

बैठक में जोन-8 में बीटी सडकों के निर्माण एवं मिसिंग लिंक सडकों के निर्माण हेतु 11.98 करोड रूपये की संषोधित प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।जोन-पीआरएन साउथ में मानसरोवर मेट्रो स्टेशन, न्यू सांगानेर रोड से रीको आरओबी तक सडक निर्माण एवं चौडाईकरण हेतु 8.84 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। पीआरएन साउथ में न्यू सांगानेर रोड से वंदेमातरम रोड तक 100 फीट सेक्टर रोड हीरापथ पर ओवरहेड इलैक्ट्रिकल लाइनों एवं स्ट्रीट लाइट्स को शिफ्ट करने/डिसमेंटल करने हेतु 4.03 करोड की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। महारानी फार्म में द्रव्यवती नदी पर बॉक्स कलवर्ट निर्माण हेतु 6.10 रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।जोन-13 क्षेत्र में विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड संख्या 04 और 05 में ड्रेनेज नेटवर्क के विकास के लिए 50 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। जयसिंहपुरा बास/जीरोता सांगानेर में नगर वन विकास के लिए 5.20 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। जोन-9 क्षेत्र में टोंक रोड से बुधसिंहपुरा (मिसिंग लिंक) तक 200 फीट रोड एयरपोर्ट रोड के निर्माण कार्य के लिए 9.90 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। सीकर रोड (रोड नंबर 14 एनएच बाईपास से चोमू पुलिया) तक सडक सुधार एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु 28.77 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। नगर निगम क्षेत्राधिकार के बाहर के क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट/हाईमास्ट की वार्षिक मरम्मत और रखरखाव, निगरानी हेतु 3.20 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।जोन-10 में सुमेल में जेडीए स्कीम सडक नवीनीकरण एवं मरम्तीकरण में 2.97 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। सिरसी रोड पर सी-जोन बाईपास से मुंडिया रामसर तलाई तक बॉक्स ड्रेन हेतु 48.31 करोड रूपये की संषोधित वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।जोन-10 में गोविंदपुरा रोपाडा हैरिटेज सिटी में निर्माण कार्य हेतु 4.79 करोड रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929